● जयपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 24● वर्ष 13 ● अंक 314 ● पृष्ठ : 8● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज को राजस्थान सरकार ने राजकीय अतिथि...

पेज @4 भारतीय यूथ टीम की लगातार दूसरी जीत....

पेज @8 » जिला कलक्टर ने नदबई में की ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई...

# बदरीनाथ हाईवे तीन दिन से बंद, 3 हजार से अधिक यात्री फंसे, वाहनों में गुजारी रात

**देहरादून/एजेंसी।**



जोशीमठ के पास बंद बदरीनाथ हाईवे तीसरे दिन भी बंद है। स्थिति यह है कि हाईवे पर आए बड़े बोल्डरों को हटाने के लिए विस्फोट भी किया गया, परंतु दो बार किए गए विस्फोट से भी बात नहीं बनी। हाईवे खोलने के लिए सीमा सड×क संगठन की मशीनों लगातार काम कर रही हैं। लेकिन पहाड़ी के दरकने के चलते हाईवे सुचारू करने में दिक्कतें आ रही है। वहीं हाईवे पीपलकोटी, पातालगंगा और भनेरपानी में खुल गया है।

गौरतलब है कि मंगलवार सुबह बदरीनाथ हाईवे पर जोशीमठ में वन विभाग चौकी के पास मलबा आ गया था। मलबा साफ करने के दौरान यहां पर भारी चट्टान गिरकर हाईवे पर आ गई, जिससे हाईवे का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बीआरओ व एनएच की मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं। अभी फिलहाल पैदल ही आवाजाही शुरू हो पाई है। हाईवे खुलने के लिए अभी एक दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। बताया गया कि बुधवार को दिन में बड़े बोल्डरों पर विस्फोट भी किया गया । लेकिन बोल्डर का छोटा हिस्सा ही टूट पाया। बीआरओ की रणनीति है कि विस्फोट से बड़े बोल्डरों को तोड़ कर हाईवे सुचारू किया जाए। सीमा सड×क संगठन के कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने कहा कि यहां पर पैदल रास्ता बना दिया गया है। हाईवे खोलने का कार्य रात्रि भर चलेगा। गुरुवार तक हाईवे को सुचारू कर दिया जाएगा।

हाईवे बंद होने से बदरीनाथ धाम व हेमकुंड ,फूलों की घाटी, औली आने जाने वाले यात्री व पर्यटक फंसे हैं। बताया गया कि हेमकुंड व बदरीनाथ धाम से लौट रहे 800 से अधिक यात्री जोशीमठ गोविंदघाट मे फंसे हुए हैं। यात्री अपनी गाडियों में ही रात गुजारने को मजबूर हैं। बकि 2200 यात्री बदरीनाथ धाम हेमकुंड फूलों की घाटी जाने के लिए हेलंग, पीपलकोटी, बिरही, चमोली आदि पड़ावों में रोके गए हैं। बदरीनाथ हाईवे पर चट्टान दरकने की घटनाएं थमने का नाम नह-ीं ले रही हैं। पहले बलदौड़ा, हनुमानचट्टी घुड़सिल, जोशीमठ व अब पातालगंगा भूस्खलन जोन में भारी भूस्खलन हुआ है। इस दौरान धूल का गुब्बार के साथ पत्थरों की बरसात से पूरा क्षेत्र सहम गया। भूस्खलन से हाईवे पर बनी हाफ आरसीसी टनल को भी नुकसान पहुंचा है।

# ऐतिहासिक बजट के लिए युवाओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

## प्रत्येक युवा को संबल देना हमारी सरकार का लक्ष्य युवा ऊर्जा से राजस्थान लिखेगा प्रगति की एक नई इबारत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर, 11 जुलाई।** राज्य के परिवर्तित बजट 2024-25 में युवाओं के लिए की गई ऐतिहासिक घोषणाओं के लिए गुरूवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। आभार सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश के स्वर्णिम भविष्य का आधार हैं। युवाओं की ऊर्जा तथा उत्साह से राजस्थान प्रगति की एक नई इबारत लिखेगा। हमारी सरकार युवाओं के सपनों तथा उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रति पल तथा प्रति क्षण काम कर रही है।

शर्मा ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए इस वर्ष में 1 लाख नौकरियां की घोषणा की गई है। राज्य सरकार सार्वजनिक, निजी तथा व्यावसायिक सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उस प्रतिभा को सामने लाने की। सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज तथा 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स' जैसी घोषणाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को सामने लाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया गया था और पेपरलीक जैसे मामलों से युवाओं को बड़ा आघात पहुंचा था। उन्होंने कहा कि वे युवाओं का दर्द समझते हैं तथा इन प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करते हुए किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### हर क्षेत्र में युवाओं को दिए जाएंगे रोजगार के अवसर

» शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। इससे न केवल युवा बल्कि उनके परिवारजनों को भी सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र ही राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश एवं विदेशों से बड़े–बड़े उद्योगपति भाग लेंगे। समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि आगामी समय में हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से मिलकर संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## जागरूकता बढ़ाकर जनसंख्या नियंत्रण को दिया जाए प्रोत्साहन

# विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह

## विकसित राष्ट्र के लिए परिवार नियोजन जरूरी

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 11 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश-दुनिया के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती आबादी के कारण जल, जमीन और अन्य संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि ये संसाधन प्रकृति में सीमित हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि से भी विभिन्न समस्याएं उत्पन्न होती हैं। परिवार नियोजन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी संसाधनों का उचित मात्रा में उपयोग कर सके।



- **मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा**
- **मरीज के लिए चिकित्सक परमात्मा स्वरूप**
- **- प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं का निरंतर हो रहा विस्तार**
- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को मिला बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा**

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में राजस्थान की स्थिति बेहतर

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ चिकित्सा तंत्र एवं बेहतर परिवार कल्याण सेवाओं के कारण राजस्थान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित संकेतकों में देश के अन्य राज्यों से बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के लिए संसाधनों पर जनसंख्या के दबाव को कम करना जरूरी है। राज्य सरकार इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। यह एक ऐसा संकल्प है, जो सबकी सहभागिता से ही मूर्त रूप लेगा।

श्री शर्मा गुरूवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों के महत्व पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है। बढ़ती जनसंख्या के कारण प्रकृति का संतुलन निरन्तर बिगड़ता जा रहा है, जलवायु परिवर्तन इसी का हिस्सा है। बढ़ती जनसंख्या आर्थिक विकास, रोज़गार, आय वितरण, गरीबी और सामाजिक सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, स्वच्छता, पानी, भोजन एवं ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों पर भी इसका व्यापक असर पड़ता है।

### बजट में चिकित्सा क्षेत्र को मिली बड़ी सौगातें

श्री शर्मा ने कहा कि विधानसभा में पेश बजट में चिकित्सा क्षेत्र को विभिन्न सौगातें देकर मजबूती प्रदान की गई है। उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपजिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में भी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार राज्य सरकार का विजन है। साथ ही, चिकित्सा विभाग को मजबूती प्रदान करने के लिए चिकित्सक, नर्सिंगकर्मियों की कमी नहीं आने दी जाएगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्राथमिकता देते हुए बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दिया है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना जन-जन की योजना बन रही है। उन्होंने कहा कि मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का लाभ प्राइवेट सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर में निर्माणाधीन आईपीडी टावर देश का बेहतरीन अस्पताल बनेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का सुदृढ़ीकरण हुआ है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में महिलाओं के साथ-साथ पुरूषों की भी भागीदारी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा।

### परिवार नियोजन से जनसंख्या वृद्धि में स्थिरता होगी सुनिश्चित

» मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए परिवार नियोजन एक प्रभावी कदम है। साथ ही, समाज में जागरूकता बढ़ाकर जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि की दर निरन्तर कम हो रही है। सतत विकास लक्ष्य 2030 के अनुसार कुल प्रजनन दर (टीएफआर) का लक्ष्य 2.1 है, जबकि राज्य की कुल प्रजनन दर 2.0 है।

### गांव-ढाणी तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

» मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में कार्मिकों की संवेदना और सेवा का बहुत महत्व होता है। मरीज के लिए चिकित्सक परमात्मा स्वरूप होता है। चिकित्सा अभियान, टीकाकरण की सफलता इस विभाग के कार्मिकों की कड़ी मेहनत से ही सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि गांव–ढाणी तक बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में आभा आईडी के माध्यम से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इसके जरिये रोगी एवं चिकित्सक को रोग एवं इलाज की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

### परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार का हुआ वितरण

मुख्यमंत्री ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए। राज्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बांसवाड़ा को प्रथम स्थान, ब्यावर को द्वितीय, केकड़ी को तृतीय, भीलवाड़ा को चतुर्थ एवं शाहपुरा को पांचवा स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इसी तरह पीपीआईयूसीडी निवेशन में ब्यावर को प्रथम, सलूम्बर को द्वितीय तथा चित्तौड़गढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही, निजी अस्पताल एवं महाविद्यालय, गैर सरकारी संगठन, राजकीय चिकित्सा संस्थान एवं महाविद्यालय, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत तथा व्यक्तिगत श्रेणी में भी पुरस्कार दिए गए।

समारोह में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान राजस्थान ई-मैग्जीन का अनावरण एवं विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर का विमोचन भी किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनित सिंह राणावत सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंगकर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग

एनसीईआरटी कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए। लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकें अकसर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्यपुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती है। इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है।

एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्यपुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। यह छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक उदाहरणों और सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है। संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरुआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्यपुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्यपुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है।

पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्यपुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है। देखा जाए तो इस प्रकार का विवाद पहली बार नहीं हुआ है। भारत के शैक्षणिक इतिहास में इस प्रकार के विवाद पहले भी होते रहे हैं। विश्व भर की शिक्षा व्यवस्थाएं अपने-अपने देश के पाठ्यक्रम को समझ और तार्किक दृष्टिकोण पर आधारित बनाना चाह रही हैं, वहीं हमारे देश में विवाद इस बात पर हो रहा है कि किस पक्ष का तथ्य सही है? यहां असुविधाजनक तथ्य को वृत्तांत की सहायता से सदैव छुपाने का प्रयास रहता है। इतिहास को न केवल तथ्यों से समझा जा सकता है और न केवल वृत्तांतों से। इसलिए यह आवश्यक है कि दोनों का उचित मात्रा में समावेश हो, मगर हमारे देश में इतिहास लेखन की शैली में तथ्य और वृत्तांत का विभाजन काफी बारीक है। इस विषय के पुनरावलोकन की आवश्यकता है। जहां पूरे विश्व की शैक्षणिक व्यवस्थाएं अपने स्वरूप को बदल रही हैं और छात्रों को तथ्यों से भरने के बजाय उन्हें इतिहास आधारित दृष्टिकोण से युक्त करने पर जोर दे रही हैं, जिससे छात्रों में इतिहास के प्रति एक वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण विकसित हो सके। आज के तकनीकी दौर में इतिहास बोध होने पर छात्र स्वयं ही ऐतिहासिक तथ्यों की पड़ताल कर सकता है।

किसी देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि वह अपने छात्रों को तथ्य आधारित, वस्तुनिष्ठ पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराए, क्योंकि यही छात्र भविष्य के विमर्श को न केवल आगे बढ़ाते हैं, अपितु नए विमर्श की शुरुआत भी करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि इतिहास में एकपक्षीय दृष्टिकोण से आगे बढ़कर चिंतन और तार्किक पाठ्यक्रम का विकास किया जाए। एनसीईआरटी से अपेक्षा है कि वह वर्तमान विवाद से अप्रभावित रहते हुए छात्रों के ऐतिहासिक दृष्टिकोण के विकास से संबंधित पाठ्यक्रम का विकास करेगी, न कि तथ्यों के चयन में छात्रों को उलझाएगी। पाठ्य पुस्तकें किसी देश की सरकार द्वारा दिया गया आधिकारिक कथन होती हैं। इस रूप में ये वैचारिक या सैद्धांतिक परियोजना होती है। इतिहास और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का पुनरीक्षण वैसे भी अधिक संवेदनशील होता है। ये विषम समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों पर विचार करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को इतिहास के पलड़े पर तौलकर, इतिहास और वर्तमान के बीच तार्किक सामंजस्य बनाना सिखाते है। इन पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थी देश-विदेश के सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर अपने विचार बनाने का प्रयत्न करता है। एनसीईआरटी की मूल पुस्तकों को इसी विचार के साथ रूप दिया गया था। कुल मिलाकर पाठ्यपुस्तकों से हटाई जाने वाली सामग्री, भारत के भूतकाल और वर्तमान की नकारात्मक धारणा पर आधारित है। यह मानसिकता कमजोर है, और केवल कुछ को हटाकर अपने इतिहास को बदलने का प्रयास करती है। इनके लिए भारतीय इतिहास के रचनात्मक, समावेशी, तार्किक, सुसंगत और विद्यार्थी अनुकूल संस्करण को लाना असंभव था, क्योंकि रचना में एक सकारात्मक गुण है, जिसे राजनीतिक ताकतें अकसर कम आंकती हैं।

# गुजारा भत्ता : 40 साल बाद 'पलटा' गया एक फैसला



संजय सक्सेना

जब हुकूमत बदलती है तो संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज का तरीका और नजरिया भी बदल जाता है। याद कीजिए मोदी सरकार के आने से पूर्व तक कैसे अयोध्या में रामलला के जन्म स्थान, वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर-मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लटकाया जाता रहा था। कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने पर खून-खराबे की बात कही जाती थी। एक बार में तीन तलाक को शरिया की आड़ में सही ठहरा के लाखों मुस्लिम महिलाओं को एक झटके में घर से बेघर कर दिया जाता था और सरकारें तुष्टिकरण की सियासत और मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में उफ तक नहीं करती थीं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शरिया की चादर ओढ़कर सरकार पर दबाव बनाने का काम करता था। हलाला के नाम पर महिलाओं का शारीरिक शोषण और मानसिक शोषण को एक परंपरा बना दिया गया था। मुस्लिम महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में उनके हुकूक से महरूम रखा जाता था। बहु विवाह महिलाओं के लिये एक अभिशाप बना हुआ है। धर्म की आड़ में वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाएं किसी की भी जमीन-मकान पर अपना मालिकाना हक जता देते थे। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने जब एक तलाकशुदा बुजुर्ग मुस्लिम महिला शाहबानो को उसके शौहर से चंद रुपये का मुआवजा देने का आदेश सुनाया तो राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलटने में देरी नहीं लगाई थी।

खैर, चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। दोनों जजों ने फैसला तो अलग-अलग सुनाया, लेकिन दोनों की राय एक ही थी। दोनों ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला भी गुजारा भत्ता पाने के लिए पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत केस कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला ठीक वैसा ही है, जैसा कि 23 अप्रैल 1985 में शाहबानो मामले में दिया गया था।

दरअसल, 1985 में इंदौर की एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो ने गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके पति मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। कट्टरपंथी मुस्लिमों ने इस फैसले को शरिया में दखलंदाजी करार देते हुए विरोध शुरू कर दिया। उस समय की मौजूदा राजीव गांधी सरकार जो मुस्लिम वोटों की बड़ी दावेदार थी, उसे जब लगा कि उसका मुस्लिम वोट बैंक इस फैसले से खिसक सकता है तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के विरोध के आगे झुक गये और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 लाकर मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कोर्ट के फैसले को पलट दिया। राजीव गांधी सरकार द्वारा लाए गए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की संवैधानिक वैधता को 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। डेनियल लतीफी वकील थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में शाहबानो का प्रतिनिधित्व किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1986 के कानून की व्याख्या इस तरह से की जिससे की अधिनियम में लागू की गई रोक एक तरह से अप्रभावी हो गई। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं। कोर्ट के इस फैसले ने सुनिश्चित किया कि मुस्लिम महिलाओं को गरिमा के साथ अपना जीवन जीने के लिए उचित मदद मिले।



राजीव गांधी सरकार ने भले ही शाहबानों केस में मुआवजे के सुप्रीम कोर्ट के आदेश वाले फैसले को कानून बनाकर पलट दिया था, लेकिन मुस्लिम महिलाओं के हक की लड़ाई कभी थमी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में जोर देकर कहा था कि धर्म का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। यह बात खास कर लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात की पुष्टि की गई थी कि पर्सनल ला संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप होने चाहिए। इसी प्रकार 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने शमीम बानो बनाम असरफ खान मामले में कहा था कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है और मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष इसके लिए आवेदन कर सकती है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया था कि मुस्लिम पति की जिम्मेदारी है कि वह तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए गुजारा भत्ता सहित उचित व्यवस्था करें और यह बात इद्दत की अवधि से आगे के लिए भी लागू होती है। इस कड़ी में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को भी नहीं भुलाया जा सकता है। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। कुल मिलाकर 10 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट का अपने अहम फैसले में मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश व्यापक प्रभाव वाला है। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण-पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हों इसमें कोई बुराई भी नहीं हैं। ऐसे फैसलों पर धर्म के नाम पर कतई विवाद नहीं होना चाहिए। लंबे समय से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं हक से महरूम थीं। संभवतः अब उन्हें न्याय मिल पाये। क्योंकि इस फैसले के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है। एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि 1985 उसकी पूर्ववर्ती बेंच के द्वारा शाहबानो मामले में दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधान सम्मत था भले ही राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट दिया था। 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था। इस अधिनियम का एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन करना था।

चालीस सालों में हालात काफी बदल चुके हैं। तब कांग्रेस पावरफुल हुआ करती थी उसकी जगह बीजेपी ने ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल यही आकर नहीं रुका, इसके आगे भी कोर्ट ने कहा कि अलग-अलग समुदाय की महिलाओं को भिन्न-भिन्न कानूनों से संचालित नहीं किया जा सकता, बल्कि इस फैसले के साथ कोर्ट ने समान नागरिक संहिता की आवश्यकता भी जताई है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी संदेश दिया है कि देश के लोग संविधान से चलेंगे, न कि अपने पर्सनल कानूनों से, वे चाहे जिस पंथ-मजहब के हों। इसका कोई औचित्य नहीं कि देश में अलग-अलग समुदायों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि के नियम-कानून इस आधार पर हों कि उनका पंथ-मजहब क्या है?

सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है, इस फैसले को राजनीतिक दल किस तरह से लेते हैं, यह देखने वाली बात होगी। हां इतना तय है कि बीजेपी इसके पक्ष में खड़ी नजर आयेगी। वहीं विपक्ष से यह अपेक्षा अनुचित नहीं कि उनके नेता सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की प्रशंसा करने के लिए आगे आयेंगे, जो पिछले कुछ समय से संसद के भीतर-बाहर संविधान की प्रतियां लहराकर यह दावा करने में लगे हुए थे कि उन्होंने संविधान की रक्षा की है और वे उसे बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सच्ची है तो उन्हें इस फैसले का स्वागत करना ही होगा। वरना संविधान बचाने का उसका दावा सियासी ही समझा जायेगा। उधर, इसकी भी पूरी आशंका है कि इस फैसले से कुछ मुस्लिम संगठन असहमति जताने के साथ उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दें। दो सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ और बड़ी बैंच बनाये जाने की भी मांग उठ सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों को मोदी सरकार से कोई अपेक्षा नहीं होगी। हो सकता है कि जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने समान नागरिक संहिता की भी बात कही है उसी को आधार बना कर मोदी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने वादे को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ जाये।

ऐसा इसलिये भी हो सकता है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी इस समय मोदी सरकार पर समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिये दबाव बना रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चार दशक के बाद जिस तरह से अपने 1985 के आदेश को जीवंत किया है, उसका नुकसान कांग्रेस को भी उठाना पड़ सकता है। क्योंकि जब शाहबानों को गुजारा भत्ता नहीं दिये जाने की बात चलेगी तो राजीव गांधी सरकार का भी नाम आयेगा, जिन्होंने मुस्लिम महिलाओं को लंबे समय तक गुजारा भत्ता देने से महरूम रखा था।

# नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा का महत्व



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारतीय चिंतन में वसुधा को कुटुम्ब मानने का विचार समाहित है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना की गई। इस भावभूमि पर हिंसा की प्रवृत्ति पनपती ही नहीं है। इसीलिए रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान की अपेक्षा एकमात्र भारत से ही की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ, अमेरिका, यूरोप आदि किसी भी देश के पास ऐसा कोई चिंतन ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांति और सौहार्द का यही संदेश दिया। रूस के साथ मित्रता भारत के राष्ट्रीय हितों के अनुकूल है। इसी के साथ भारत शांति वार्ता के माध्यम से समस्याओं के समाधान का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस यात्रा के दौरान नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है।

विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है। यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के मैदान में अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं होता। हथियारों के जरिये शांति और समाधान कायम नहीं होता बल्कि विचार-विमर्श से ऐसा संभव है। मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बच्चों के अस्पताल पर हुए हवाई हमले की ओर संकेत करते हुए कहा कि मानवता में विश्वास करने वाले हर व्यक्ति को जान-माल के नुकसान से दुख होता है। जब निर्दोष बच्चे इसका शिकार बनते हैं तो दुख और भी गहरा हो जाता है।



सुखद भविष्य के लिए शांति सर्वोपरि है। भारत शांति के पक्ष में खड़ा है। संघर्ष के संबंध में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रति भारत आशावान है। भारत के मेक इन इंडिया अभियान में रूस का सहयोग महत्त्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच सहयोग से भारत के किसानों और उपभोक्ताओं का बहुत लाभ हुआ है। रूस के साथ सहयोग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे।

वर्तमान में सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में पहले से दो वाणिज्य दूतावास हैं। येकातेरिनबर्ग रूस का चौथा सबसे बड़ा शहर है। यह महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बन गया है। कजान रूस में एक सांस्कृतिक, शैक्षिक केंद्र और आर्थिक केंद्र है।

नरेंद्र मोदी व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच क्रेमलिन में शिखरवार्ता हुई। इसमें ऊर्जा, खाद्य पदार्थ और ऊर्वरक आदि मामलों पर चर्चा हुई। कच्चे तेल के आयात के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में भी स्थायित्व कायम हुआ। मास्को में शिखर और प्रतिनिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया गया।

नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को बड़ा खतरा बताया। भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना होता है, उसे हम जानते हैं। मॉस्को और दागिस्तान में हुई आतंकवादी घटनाएं भी निंदनीय हैं। मोदी और पुतिन ने मास्को में अखिल रूसी प्रदर्शनी केंद्र का दौरा किया। दोनों नेताओं ने वीडीएनकेएच में रोसाटॉम पवेलियन को देखा। गत वर्ष उद्घाटित रोसाटॉम मंडप, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास पर सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। प्रधानमंत्री ने असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी। प्रधान मंत्री को 'परमाणु सिम्फनी' भी दिखाया गया। यह वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कामकाजी मॉडल है, जो भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र का आधार है।

नरेंद्र मोदी और पुतिन ने द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। दोनों देशों ने संपर्क सुविधाएं बढ़ाने के लिए चेन्नई वल्दिवस्तक समुद्री गलियारे पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत यूरेशिया आर्थिक संघ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। शिखरवार्ता के दौरान दोनों देशों ने सहयोग के नौ दस्तावेजों को स्वीकार किया। इनमें रूस के सदूर पूर्व में सहयोग तथा ध्रुवीय अनुसंधान संबंधी करार शामिल हैं। दोनों पक्षों ने औषधि व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही व्यापारिक संगठनों के बीच सहयोग संबंधी करार भी किए।

# जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमले, पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब जरूरी!



मनोज कुमार अग्रवाल

भारत में आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य में जिस तरह से आतंकवादी घटनाएं एकाएक बढ़ रही हैं उसे देखकर यही कहा जा सकता कि सीमा पार से आतंकी घुसपैठियों का आना जारी है। अमन और शान्ति अभी भी इस राज्य में अभी दूर की कौड़ी है। और इन तमाम हमलों के पीछे पाकिस्तान के नए निजाम की नापाक हसरतें जिम्मेदार हैं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई की मदद से पाकिस्तान की सीमा पार से अभी भी दहशतगर्दों का आना जारी है। इस केन्द्र प्रशासित राज्य के अमन चैन को एक बार फिर आतंकी गोलीबारी तबाह करने पर आमादा है। भारतीय सेना के ठिकानों पर जिस तरह हमले हो रहे हैं उसे देख कर यही लगता है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी शिविर चल रहे हैं उनमें दहशतगर्दों को प्रशिक्षण दिया जाना जारी है। राज्य का विशेष दर्जा समाप्त हुए कई वर्ष बीत चुके हैं मगर इसके बावजूद पाक आतंकी इस राज्य में घुस आते हैं और हमारी सेनाओं को क्षति पहुंचाते हैं। राज्य के जम्मू इलाके के कठुआ जिले के भीतर एक गांव के निकट जिस तरह सैनिक टुकड़ी के वाहनों पर दिन के उजाले में ही दोपहर तीन बजे के लगभग हमला किया गया उसमें भारत के पांच जवान सैनिकों की शहादत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गये। केवल दो दिनों के भीतर ही सेना पर यह दूसरा हमला किया गया।

एक के बाद एक लगातार हमले के पीछे आतंकियों का ये पैटर्न नया है। पिछले एक महीने में जम्-मू में 7 बड़े हमले हुए हैं. इसमें सेना के साथ-साथ आम लोगों को भी निशाना बनाया गया है. सवाल उठ रहा है कि घाटी छोड़ आतंकी अब जम्-मू में क्यों टारगेट कर रहे हैं..? जम्मू क्षेत्र, जो अपने शांतिपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है, हाल के महीनों में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की एक सीरीज से दहल गया है. ये हमले सीमावर्ती जिले पुंछ, राजौरी, डोडा और रियासी में हुए हैं। अभी बीते रविवार को भी दहशतगर्दों ने राजौरी जिले में स्थित एक सैनिक चौकी पर हमला किया था जिसमें एक सैनिक घायल हो गया था। अगर 72 घंटे के भीतर आतंकी हमले की यह तीसरी वारदात है तो कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादियों के लिए कर रहा है और यह मुल्क दहशतगर्दों की सैरगाह बना हुआ है। इस का सबूत यह आतंकी हमले हैं - 8जुलाई 2024- जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के माचेडी इलाके में सोमवार को सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर किये गए आतंकवादियों के हमले में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हुए हैं। 7 जुलाई 2024- राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी हुई, जिसमें एक जवान घायल हो गया. 26 जून 2024 - डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया. सर्च ऑपरेशन के बाद सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ हुई थी.12 जून 2024- डोडा जिले में 2 आतंकी हमले हुए. इसमें 5 जवान और एसपीओ घायल हो गए थे. 11 जून 2024 - कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़ में छिंदवाड़ा के कबीरदास उइके शहीद हो गए. सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को भी मार गिराया है.9जून 2024- जम्मू के शिवखोड़ी में तीर्थयात्रियों की एक बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया था, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। पिछले कुछ सालों से कश्मीर घाटी में सेना की पकड़ मजबूत हुई है. आतंकी हमलों और सीमापार से होने वाली घुसपेठ में भी काफी कमी आई है. अब कश्मीर में पत्थरबाजी की घटनाएं नहीं देखने को मिलती हैं. ऐसे में आतंकियों के आकाओं में यकीनन बैचेनी होगी. इसलिए आतंकियों ने नए टारगेट चुने हैं. ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी गतिविधियों में हालिया वृद्धि उनके पाकिस्तानी आकाओं द्वारा आतंकवाद को फिर से बढ़ावा देने के प्रयासों का परिणाम है. डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल ही में हुए हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं, जहां 26 जून को मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए थे. गोलीबारी की घटना में राजौरी जिले के मंजकोट इलाके में सेना के एक शिविर को निशाना बनाया गया, जिसमें एक सैनिक घायल हो गया था।



सबसे दुखद घटनाओं में से एक नौ जून को हुई, जब आतंकवादियों ने रियासी जिले के शिव खोड़ी मंदिर से तीर्थयात्रियों को ला रही एक बस पर हमला किया, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और 41 घायल हुए. ये घटनाएं क्षेत्र में बढ़ती हिंसा की उस प्रवृत्ति को रेखांकित करती है, जिसमें सुरक्षा बलों के वाहनों, खोज दलों और सैन्य काफिलों पर हमलों में नागरिक और सुरक्षाकर्मी दोनों हताहत हुए हैं।

दरअसल पाकिस्तान खड़ा ही हुआ है नफरत की बुनियाद पर, इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश घोषित होने की तरफ बढ़ रहा है। यदि यह आतंकवादी शिविरों को समाप्त नहीं कर सकता तो जाहिराना तौर पर आतंकवाद इसकी विदेश नीति का एक अंग बना हुआ है। भारत ने इसके प्रमाण तभी दे दिये थे जब 26 नवम्बर, 2008 मुम्बई हमले का प्रतिकार यह किया था कि दुनिया के सभी इस्लामी मुल्कों के बीच ही पाकिस्तान को पूरी तरह अकेला कर दिया था और उस पर आतंकवादी देश घोषित किये जाने की तलवार लटक गई थी। भारत की इस रणनीति को तब कूटनीतिक विजय के रूप में देखा गया था और पाकिस्तान को तब कई दहशतगर्द तंजीमों पर प्रतिबन्ध लगाना पड़ा था। प्रणव दा ने तब एक कूटनीतिक चाल यह भी चली थी कि राष्ट्रसंघ में प्रस्ताव भेजा था और मांग की थी कि पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के इलाकों में चल रहे प्रशिक्षण शिविरों की पहचान करे और उन्हें नष्ट करे तथा नाम बदल कर पुनः सक्रिय होने वाले दहशतगर्दों के संगठन को इसके घेरे में ले। वर्तमान समय में जिस तरह पाक आतंकवादी भारतीय सैनिकों को निशाना बना रहे हैं। क्या भारत की वर्तमान मोदी सरकार भी वही रास्ता अपनायेगी जो मुंबई हमले के बाद अपनाया था। भारत ने जम्मू-कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा खत्म करके सोचा था कि इससे राज्य में शान्ति व सद्भावना कायम होगी और कश्मीरियों को वे पूरे अधिकार मिलेंगे जो नागरिकों के लिए संविधान में हैं। इसका असर तो हुआ है क्योंकि हाल ही सम्पन्न लोकसभा चुनावों में कश्मीरियों ने शेष भारत के नागरिकों की तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मगर पाकिस्तान इस बदलाव से इस तरह बौखलाया कि उसने भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए नये रास्ते खोज लिये। कठुवा की हिंसा की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी तंजीम - कश्मीरी टाइगर्स ने ली है। पाक आतंकवादियों ने अपनी हरकतों के लिए अब जम्मू क्षेत्र को चुना है। इस क्षेत्र से जुड़ती सीमा रेखा से ही अब घुसपैठिये ज्यादा आते हैं। सवाल यह है कि सैनिकों पर हमला कोई मामूली घटना नहीं होती। यह देश की प्रभुसत्ता पर हमला माना जाता है मगर पाकिस्तान इसे गैर सरकारी संगठनों का कृत्य बता कर पल्ला झाड़ लेता है। भारत सरकार को पाकिस्तान की इस रणनीति को समझना होगा और इस के जबाव में कठोर प्रतिक्रिया देनी होगी। 2008 की मुम्बई हमले की घटना के बाद तत्कालीन विदेश सचिव ने साफ कह दिया था कि पाकिस्तान ने दहशतगर्दी को अपनी विदेश नीति का अंग बना लिया है। बाद में खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे जनरल परवेज मुशर्रफ ने स्वीकार किया कि आतंकवादी उनके 'हीरो' रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर में भारत के सैनिकों पर जो सिलसिलेवार हमले हो रहे हैं उनके पीछे पाकिस्तान की बड़ी साजिश काम कर रही है। समय आ गया है कि भारत सरकार न सिर्फ आतंक के विरुद्ध लड़ाई में जम्मू-कश्मीर के नागरिकों और सशस्त्र बलों का मनोबल बनाए रखे और आतंकवाद के फन को कुचलने के साथ ही पाकिस्तान की हर चाल का मुंहतोड जबाव उसी की भाषा में देना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

छोटा गिरनार बापू गांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू के प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का 8 वर्षों बाद होगा राजस्थान में भव्य मंगल प्रवेश

# आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज को राजस्थान सरकार ने राजकीय अतिथि का दिया दर्जा

चमकता राजस्थान

**जयपुर !(खलील कुरैशी)-** छोटा गिरनार बापूगांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू के प्रणेता मध्य प्रदेश राजकीय अतिथि पूज्य गुरुदेव 108 प्रज्ञा सागर महाराज का 8 वर्षों के बाद होगा राजस्थान में भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने आचार्य श्री को राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं सांगानेर सम्भाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री के द्वारा अभी तक पांच तीर्थों का निर्माण करवाया गया है जिसमें महावीर तपोभूमि उज्जैन, आदिश्वर धाम तीर्थ चाकसू, भरूच गुजरात, छोटा गिरनार बापूगांव एवं शांति संग्राम, भोज कर्नाटक शामिल हैं। छोटा गिरनार बापू गांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू का निर्माण तो केवल मात्र 11 माह में ही पूर्ण हो गया था जो एक कीर्तिमान है।



## पर्यावरण संरक्षण एवं शाकाहार के क्षेत्र में किया कीर्तिमान स्थापित

### जैन समाज ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

» आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज को राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय अतिथि का दर्जा देने पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, सांगानेर सम्भाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, छोटा गिरनार बापू गांव के , संरक्षक अनिल जैन बनेठा, अध्यक्ष प्रकाश चन्द बाकलीवाल, पारस मल जैन, नेमी चन्द बाकलीवाल,, कोषाध्यक्ष रमेश गंगवाल , सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

पूज्य आचार्य श्री द्वारा 25 प्राचीन पुराने मंदिरों एवं अतिशय क्षेत्रों का जीर्णोद्धार किया गया है। पूज्य आचार्य श्री के निर्देशन में मांगी तुंगी में लगातार कई मूर्तियों का लेपन व पूर्ण विकास कार्य चल रहा है आचार्य श्री की गत 15 जून से लगातार पर्यावरण यात्रा के नाम से राजस्थान के लिए मंगल विहार याइ चल रही है। इस यात्रा के दौरान आचार्य श्री ने अभी तक लगभग 2500 से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए इस मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। आचार्य श्री का कहना है कि अगर पर्यावरण रहा तो जीवन में शुद्ध हवां मिलेगी और लोग बीमार होने से बचेंगे। पूज्य आचार्य श्री इस बार का चातुर्मास झालरापाटन में करने जा रहे हैं। जहां आगामी बुधवार, 17 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश होगा । आचार्य श्री की चातुर्मास मंगल कलश स्थापना रविवार 21 जुलाई को होगी। जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालुगण शामिल होंगे। झालरापाटन में जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर कल्पतरु शांतिनाथ भगवान का भव्य मंदिर एवं विशाल जैन नशिया का विकास का कार्य इस चातुर्मास में पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से प्रारंभ होगा। गुरु भक्त चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री द्वारा लगा टीवीतार कहीं यात्राएं करके हजारों लोगों को मांस, मदिरा, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट इत्यादि छुड़ाने का संकल्प पूरे देश में लगातार चल रहा है। पूज्य आचार्य श्री के द्वारा जन-जन के लिए मंगल उपकार के कार्य किया जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 को होगी आयोजित

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों बैंक के ऋण संबंधी मामले एनआई एक्ट के प्रकरण व राजस्व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव श्रीमती पल्लवी शर्मा ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंक, वित्तीय संस्थानों के लंबित, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह के माध्यम से राजीनामे द्वारा निस्तारण का प्रयास किया जायेगा। पक्षकार संबंधित न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने प्रकरण को लोक अदालत में रखवा सकते हैं। इस हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पक्षकारों द्वारा आपसी समझाइश एवं राजीनामे के आधार पर अपने प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराते हुए शीघ्र सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने के इस अवसर का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। शर्मा ने आमजन से अपील है कि वे अपने राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### सांख्यिकी रूपरेखा 2024 पुस्तिका का विमोचन

- आमजन की पहुंच में होगी सभी विभागों की प्रगति
- सबके लिए उपयोगी रहेगी सांख्यिकी रूपरेखा- संयुक्त निदेशक, आयोजना विभाग



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई।** जिला सांख्यिकी कार्यालय, जिला कलक्ट्रेट जयपुर की ओर से तैयार सांख्यिकी रूपरेखा 2024 की पुस्तिका का संयुक्त निदेशक, आयोजना विभाग, शासन सचिवालय जयपुर प्रवीण झा ने विमोचन किया। संयुक्त निदेशक प्रवीण झा ने कहा कि जिला सांख्यिकी कार्यालय की ओर से संकल्पित इस पुस्तक में जिले के सभी विभागों की प्रगति व जिले की सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक पृष्ठभूमि की रूपरेखा प्रस्तुत की है।संयुक्त निदेशक सांख्यिकी हीरा लाल जाटव ने बताया कि पुस्तक में जिले, ब्लॉक, तहसीलवार सभी विभागों की सूचनाओं का संकलन किया है। जिसमें जिले की स्थिति, जनसंख्या, साक्षरता, जलवायु, कृषि, पशुपालन, वन, चिकित्सा, पुलिस, पंचायतीराज आदि विभागों की समग्र सूचनाओं का प्रकाशन किया है।सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि इस पुस्तक के प्रकाशन से समाज के सभी वर्गों तक जिले की सूचनाएं सुगमता से पहुंच पायेगी। यह पुस्तक आमजन, जनप्रतिनिधियों व ब्लॉक, जिले के विकास में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. सुदीप कुमावत सहायक निदेशक, प्रमोद गुप्ता सहायक सांख्यिकी अधिकारी, नेहा त्रिपाठी सांख्यिकी निरीक्षक, कृष्ण कुमार खेडिया वरिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

## जैसलमेर जिले में थाना लाठी व डीएसटी की कार्रवाई

# चलती बसों में यात्रियों के बैग में कट लगाकर सोने के जेवरात चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा

चमकता राजस्थान

जयपुर/जैसलमेर,!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई। जैसलमेर में डीएसटी व थाना लाठी पुलिस की टीम ने चलती बसों में यात्रियों के बैग में कट लगाकर सोने के जेवरात चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा कर दो मुख्य सरगनाओं सहित 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमाण्ड पर लिया है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में 9 मई को धोलिया गांव निवासी हरिराम द्वारा थाना लाठी पर रिपोर्ट दी गई कि उसकी बेटी पुष्पा का ससुराल सावरीज में है। 8 मई को वह पीहर आने के लिए देचू रोडवेज बस से आ रही थी। उसके पास एक बैग था, जिसमें रखें प्लास्टिक के डिब्बे में करीब 15 तोले सोने की जेवरात रखे थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैग में चीरा लगाकर सभी गहने चुरा लिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।बसों में इस प्रकार चोरी की वारदातों को मध्य नजर रखते हुए एसपी चौधरी द्वारा इन घटनाओं के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी व सीओ भवानी सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ लाठी सुखराम व डीएसटी प्रभारी भारमल के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से लगातार पीछा करते हुए गिरोह का खुलासा कर छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

### मुख्य सरगनाओ सहित 6 गिरफ्तार, पूछताछ में कई वारदातों के खुलासा होने की संभावना



### इन्हें किया गिरफ्तार

» पुलिस टीमों ने गिरोह के मुख्य सरगना राजा उर्फ राजेश सांसी पुत्र महबीर उर्फ बलबीर (35) निवासी थाना अगरोहा जिला हिसार, जयबीर सांसी पुत्र गणपत (54) निवासी थाना मेहम जिला रोहतक सहित नरेश सांसी पुत्र करतार (30) निवासी थाना हांसी जिला हिसार, रामनिवास सांसी पुत्र इंद्र सिंह (38) निवासी थाना बास जिला हिसार, शीशराम सांसी पुत्र भग्गू राम (53) निवासी थाना अगरोहा जिला हिसार एवं चंद्रभान सांसी पुत्र रंजीत (55) निवासी थाना मेहम जिला रोहतक हरियाणा को गिरफ्तार किया है।एसपी चौधरी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। जिनसे पूछताछ में और भी वारदात खुलने की पूरी संभावना है। गिरफ्तार आले दर्जे के बदमाश है, इनके विरुद्ध चोरी व नकबजनी के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। मुख्य सरगना राजा उर्फ़ राजेश के विरुद्ध कुल 13 प्रकरण दर्ज है। मामले में पुलिस की टीम इनसे गहनता से पूछताछ कर रही है।

### बाड़मेर जिले में थाना रीको, ग्रामीण व शिव एवं डीएसटी की कार्रवाई

- एनडीपीएस एक्ट के मामले में सांचौर में वांछित 10 हजार का इनामी दस्तयाब
- शराब तस्करी के मामले में हनुमानगढ़ जिले में 10 साल से वांछित 20 हजार का इनामी दस्तयाब



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई।** बाड़मेर में थाना रीको, ग्रामीण व शिव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना झाब जिला सांचौर के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 15 माह से फरार 10 हजार के इनामी को, वहीं डीएसटी ने शराब तस्करी के मामले में हनुमानगढ़ जिले में 10 साल से वांछित 20 हजार के इनामी को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है।एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली व सीओ रमेश कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ ग्रामीण दिनेश लखावत, एसएचओ शिव सुमेर सिंह व एसएचओ रीको देवाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना झाब जिला सांचौर के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 15 महीने से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी जसवंत सिंह राजपूत पुत्र प्रेम सिंह निवासी मुंगेरिया थाना शिव को दस्तयाब किया है।एसपी मीना ने बताया कि इसी प्रकार डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह मय टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से अवैध शराब की तस्करी में हनुमानगढ़ जिले में 10 साल से वांछित 20 हजार के इनामी हिंगोल सिंह पुत्र खान सिंह राजपूत निवासी देदूसर थाना बीजराड़ के गांव दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी भागने लगा, जिसे पीछा कर टीम ने दबोच दिया।आरोपी लंबे समय से फरार था, जो चोरी छुपे कभी-कभी ही अपने घर आता था। इस कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल हनुमान राम की विशेष भूमिका रही। दोनों इनामी अपराधियों के बारे में संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25

# जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई जेडीए की समीक्षा बैठक

### 751 करोड रूपये के आरओबी/फ्लाईओवर व सडकों को जल्द दिया जायेगा मूर्त रूप - जेडीसी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई।** भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2024-2025 में शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित विकास हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 751 करोड रूपये में से 676 करोड रूपये के आरओबी/फ्लाईओवर की कंसलटेंसी हेतु निविदाएं आमंत्रित की जायेंगी, 75 करोड रूपए से सेक्टर सड़कों का निर्माण एवं चौराहों का यातायात की दृष्टि से सुधारीकरण एवं 1500 करोड रूपये की दो ऐलिवेटेड रोड हेतु डीपीआर तैयार करवाई जायेगी। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट्स को समयबद्ध रूप से नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में पूर्ण करने हेतु बैठक आयोजित हुई। जेडीसी ने उक्त प्रोजेक्ट्स की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु कार्यवाही तत्काल रूप से शुरू करने के निर्देश दिये।जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि बजट घोषणा की अनुपालना में जेडीए द्वारा अम्बेडकर सर्किल, ओ.टी.एस. से जवाहर सर्किल तक तथा कलेक्ट्रेट सर्किल से राजमहल पैलेस हौटल चौराहे तक दो ऐलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार करवाई जायेंगी। जेडीसी ने बताया कि आरओबी/फ्लाईओवर/ऐलिवेटेड रोड/सडकों हेतु समयबद्ध कार्य करने हेतु साप्ताहिक बैठक एवं शीघ्र कंसलटेंसी की निविदाएं आमंत्रित की जायेंगी। जुलाई माह में कंसलटेंसी हेतु निविदाएं आमंत्रित कर अगस्त माह में कंसलटेंट नियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर में 3 करोड रूपये की लागत से टोंक रोड से फागी रोड (30 किमी.) के मध्य सड़क निर्माण कार्य हेतु फिजीबिलिटी एवं डीपीआर का कार्य करवाया जायेगा।50 करोड रूपए की लागत से जयपुर क्षेत्र में सेक्टर सड़कों का निर्माण कार्य एवं 25 करोड करोड की लागत से चौराहों का यातायात की दृष्टि से सुधारीकरण कार्य करवाया जायेगा। प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत निम्नानुसार है - जयपुर में सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक 170 करोड की लागत से ऐलिवेटेड रोड, सहकार मार्ग, इमली फाटक पर 65 करोड की लागत से फ्लाईओवर, जयपुर में रिद्धि-सिद्धि, गोपालपुरा पर 72 करोड की लागत से फ्लाईओवर, महिन्द्रा सेज, जयपुर के पास 250 फीट एवं 200 फीट सड़क के इंटरसेक्षन पर 90 करोड की लागत से फ्लाईओवर, पृथ्वीराज नगर दक्षिणी क्षेत्र में वन्दे मातरम सड़क पर पत्रकार कॉलोनी जंक्शन पर पर 98 करोड की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण, जयपुर में सीबीआई/इंडुनी फाटक एल.सी. 214 पर 95 करोड की लागत से आरओबी एवं सालीग्रामपुरा फाटक एल.सी. 67 पर 86 करोड की लागत से आरओबी।




- 1500 करोड रूपये की दो ऐलिवेटेड रोड हेतु
- शीघ्र तैयार करवाई जायेगी डीपीआर

## संक्षिप्त समाचार

### आओ मिलकर पेड़ लगायें पर्यावरण को शुद्ध बनाएं

● जन्मदिन पर पूर्व तहसीलदार मंगल चंद सैनी ने अनेक स्थानों पर पेड़ लगाए



**चमकता राजस्थान/उदयपुरवाटी / बड़ागांव।** अपने जन्मदिन को यादगार बनाने व पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पूर्व तहसीलदार मंगल चंद सैनी ने अनेक स्थानों पर विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए.

अपने कृषि फार्म पर अशोक संतरा कीनू नींबू आम शहतूत आदि के पेड़ सैनी समाज अध्यक्ष नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में लगाए इस दौरान शुभम चौहान रामजी कटारिया रामनिवास सिंह का विशेष योगदान रहा. बजरंग सैनी इंद्राज टेंट मदन सिंह सुरेंद्र कटारिया बैंक मैनेजर राकेश सैनी बैंक कर्मी ममता सैनी उमा देवी जाफर मनियार शारदा पताशी मोनिका करनी राम प्रकाश बिरजू बचना राम आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार महात्मा गांधी स्कूल के खेल मैदान व सर्व समाज के मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया. प्रधानाचार्य राधेश्याम तानेनिया अजमेर विद्युत वितरण बड़ा गांव कनिष्ठ अभियंता दुहिन सुरेश पारीक कुरडाराम प्रहलाद सैनी सूबेदार राजेंद्र गुर्जर जिला परिषद सदस्य अजय भालोठिया जाफर मनियार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### विधान सभा में सदस्यों के लिए फास्ट टैग शिविर

● स्पीकर ने किया शुभारम्भ



**चमकता राजस्थान/जयपुर, 11 जुलाई।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को यहां विधान सभा में विधायकों के लिए लगाये गये चार दिवसीय फास्ट टैग शिविर का शुभारम्भ किया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस शिविर में विधान सभा सदस्यो को फास्ट टैग बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

अध्यक्ष देवनानी की पहल पर विधान सभा में लगाये गये इस शिविर से विधायकों को एक ही स्थान पर फास्ट टैग से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। देवनानी ने कहा कि विधायकों के लिए फास्ट टैग के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। फास्ट टैग का यह शिविर शुक्रवार 12 जुलाई, सोमवार 15 जुलाई और मंगलवार 16 जुलाई तक प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक यह शिविर आयोजित किया गया है। राज्य में विधायकगण के लिए टोल छूट फास्ट टैग जारी किया जायेगा और अन्यै राज्य के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोग के लिए वॉलेट में बैलेंस रखा जाना आवशयक होगा।

शिविर में विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के पहुँचने पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक हर्षित पारीक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विधान सभा प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, शिविर संचालन प्रभारी के.के. शर्मा, प्राधिकरण के सुरेश सैनी, किशन गोपाल और विनोद मौजूद थे।

### महिला कांस्टेबल सीमा चतुर्वेदी ने अखिल भारतीय नवीं पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2024 में सिल्वर मेडल किया हासिल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** करौली पुलिस का नाम रोशन किया! पेचक स्लाट इंडोनेशियन मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक जीता है। यह प्रतियोगिता असम पुलिस की ओर से गुवाहाटी में आयोजित हुई थी। इससे पूर्व महिला कांस्टेबल सीमा चतुर्वेदी ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर करौली पुलिस का नाम किया था रोशन। राज्य स्तर पर भी खेल प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन करते हुए कई मेडल्स कर चुकी हैं हासिल। पुलिस अधीक्षक ने महिला कांस्टेबल सीमा चतुर्वेदी को राजस्थान पुलिस का नाम रोशन करने के लिए बधाई प्रेषित करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान कर हौसला अफजाई की है। पुलिस अधीक्षक ने रजत पदक विजेता सीमा के उम्दा प्रदर्शन को दृष्टिगत रखते हुए महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर को पदोन्नति के संबंध में अभिशंषा भिजवाए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं।

---

चैम्पियनशिप में मेजबान अब तक अविजित

# भारतीय यूथ टीम की लगातार दूसरी जीत

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 11 जुलाई।** कप्तान रवि के 14 और मनीष यादव के द्वारा बनाये गये 12 गोलो की बदोलत मेजबान भारत ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप के अंडर-18 आयु वर्ग (यूथ) में मालदीव को गुरूवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 56-27 गोलो से हराकर लगातार दूसरा मैच जीता। हॉफ टाईम तक भारत ने मालदीव पर 23-13 की बढत बना ली थी।

भारत के लिए मोस्ट वैल्युएबल खिलाडी मनीष ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उसका साथी खिलाडियों के साथ तालमेल बडिया था। मनीष व रवि के अलावा प्रवीण गिल ने नौ, सुयश अवस्थी, नवदीप ने चार-चार रोहित ने तीन, पीयुष सिंह, कृतवर्य प्रताप सिंह, रोहित ने दो-दो गोल बनाये जबकि सूरज गोतम ने एक गोल का योगदान दिया।

मालदीव के लिए शाहीम लोफान अहमद ने नौ, शफीग अब्दुला अज्जाम ने सात, हासिम मुसा मिन्हाल ने तीन, जलील अब्दुला नेसाम ने दो, अल मजिद, हमजा इमाईल इन्नान, अहमद युसुफ आकिफ, अहमद राजिन रियाज, अब्दुला मोहम्मद दान और फयाद मोहम्मद दिन्नान ने एक-एक गोल किया। डग विधायक कालूराम और मनोहरथाना विधायक श्री गोविन्द प्रसाद ने मैच के मोस्ट वैल्युएबल खिलाडी भारत के मनीष यादव को पुरस्कृत किया।





**शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच:-**

- **दोपहर 2 बजे**
  बांग्लादेश बनाम मालदीव (यूथ)
- **शाम 4 बजे**
  बांग्लादेश बनाम मालदीव (जूनियर)
- **शाम 6 बजे**
  भारत बनाम नेपाल (यूथ)
- **शाम 8 बजे**
  भारत बनाम नेपाल (जूनियर)

### अंडर-20 में नेपाल व बांग्लादेश मैच टाई

● दाबिन जुगलीपुन के गोल से नेपाल ने मैच कराया टाई

अंडर-20 आयु वर्ग के बेहद रोमांचक मैच में बांग्लादेश आखिरी समय तक 29-28 गोल की बढत के साथ जीत की ओर अग्रसर हो रही थी लेकिन मैच समाप्ति के अन्तिम क्षणों में नेपाल के दाबिन जुगलीपुन ने बेहतरीन गोल बनाकर लगभग हारी हुई बाजी को बराबरी पर लाकर छोड दिया।

इस आयु वर्ग में बांग्लादेश और नेपाल जहा एक-एक मैच हारी है, वही दोनो के बीच गुरूवार को खेला गया मैच टाई हुआ। नेपाल के लिए सुदीप घाले ने सर्वाधिक दस गोल किये। दाबिन जुगलीपुन ने छह, जीवन पुन, प्रलेश गुरंग ने पांच-पांच, निशान्त परियाग ने दो और मनीष बहादुर ने एक गोल का योगदान दिया। नेपाल के सुदीप घाले को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर से नवाजा गया।

बांग्लादेश के लिए अल मुख्तदीर माहिन ने नो मोहयामिनुल हक ने पांच, रूबेल अहमद ने चार, रिफात हुसेन फेजल ने तीन, मोहम्मद नायोन अहमद, शारियार आलम अनस, मोहम्मद सेहरिया नफीज ने दो-दो, मेहन्दी हसन राजू और सियाम अहमद ने एक-एक गोल किया।

### अंडर-18 आयु वर्ग में बांग्लादेश जीता

आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप के अंडर-18 आयु वर्ग में बांग्लादेश ने एकतरफा मुकाबले में नेपाल को आसानी से 46-26 गोलो से हराया। हाफ टाईम तक बांग्लादेश ने नेपाल पर 26-15 गोलो की बढ़त बना ली थी।

बांग्लादेश के लिए मोहम्मद रातुलुदीन ने दस, मोहम्मद अतिक हुसैन आकाश, तोफिकुर रहमान ने नो-नो, मोहम्मद इबादत हुसैन रासेल ने छह, मोहम्मद सोहाग अली ने चार, मोहम्मद अनिक इस्लाम ने तीन, मोहम्मद फहीम फेजल, माहिर और रिजवान बिन फारूक अन्नान ने एक-एक गोल किया। पराजित नेपाल टीम की ओर से सुन्दर फागामी ने बारह, परसोन कुमार बिशोकर्मा ने तीन, चन्द्र बहादुर बुद्धा, मनोज थारू, नीरज गुरंग, निशान पून और रोशन बिशोकर्मा ने एक-एक गोल बनाया। बांग्लादेश के मोहम्मद सोहाग अली को मोस्ट वैल्युएबल खिलाडी चुना गया। इन्हें डिप्टी कमिश्नर जीएसटी-राजस्थान धरमपाल विश्नोई ने पुरस्कार दिया। अंडर-18 आयु वर्ग में बांग्लादेश ने एक जीत दर्ज की है, जबकि नेपाल दोनो मैच हारा। समाचार लिखे जाने तक जूनियर वर्ग में भारत बनाम मालदीव के बीच मैच जारी था। भारत ने 11-05 से बढ़त बना रखी थी।

---

जालोर जिले में कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई

# कॉलेज छात्रा की सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बना एडिटेड अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे मिलने के लिए बुलाया

### अज्ञात आरोपी को ट्रेस आउट कर कर्नाटक से किया गया गिरफ्तार, 6 महीने से था फरार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/जालौर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई।** जालौर जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने कॉलेज में अध्यनरत एक छात्रा की सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर एडिटेड अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर मिलने के लिए दबाव बनाने के मामले में आरोपी जेसा राम चौधरी पुत्र लक्ष्मणा राम (22) निवासी रतनपुरा थाना गुड़ामालानी जिला बाड़मेर को कर्नाटक से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है।एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि 11 जनवरी को कॉलेज में अध्यनरत एक 19 वर्षीय युवती ने थाना कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दी कि आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उसके नाम की फर्जी आईडी बनाई। उसके फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो बना उसे मैसेज कर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर मिलने के लिए दबाव बना रहा है।रिपोर्ट पर आईटी एक्ट स्त्री अशिष्ट रुपण (प्रतिशेध) अधिनियम एवं आईपीसी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। अज्ञात आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल व सीओ गौतम जैन के सुपरविजन एवं एसएचओ जसवंत सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों से आरोपी के मोबाइल नंबर मिलने पर उसे ट्रेस आउट किया। आरोपी जेसा राम के कर्नाटक राज्य में होने से वहां एक पुलिस टीम भेज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। आरोपी को दस्तयाब कर बुधवार को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।



### छात्र नेताओं पर पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार की कड़ी शब्दों में निंदा

**चमकता राजस्थान। जयपुर/अजमेर!( खलील कुरैशी)।** अजमेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी एवं अजमेर डेयरी के सदर रामचंद्र चौधरी ने आज राजकीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय के बाहर छात्र संघ के चुनाव करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पर पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार करने की कड़े शब्दों में निंदा की है ।डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि छात्र संघ के चुनाव करवाने की मांग को लेकर एन एस यु आई के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा राजकीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया जा रहा था । प्रदर्शन को सख्ती से कुचलने के लिए पुलिस प्रशासन ने छात्र नेताओं को जबरन घसीटने ,टांगा टोली करने, गुलीबंद पकडने एवं मारपीट करने जैसा अमानवीय व्यवहार निंदनीय है उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से स्कूल एवं कॉलेज में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रोत्साहन देने के लिए एवं शिक्षा की पारदर्शिता में छात्रों की सक्रिय भागीदारी के लिए छात्र संघ के चुनाव शीघ्र करने का आग्रह किया है!

---

ओम शिव गोशाला के मेन गेट पर श्रीकृष्ण व गोमाता की प्रतिमा स्थापना कल

# राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, विधिक सहायता एवं अंडर ट्रायल परीक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 जुलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, विधिक सहायता के तहत अधिवक्तागण को देय मानदेय एवं अण्डर ट्रायल परीक्षण समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान में दिए गए विभिन्न दिशा-निर्देशों की पालना में मीटिंग का आयोजन किया गया है। बैठक में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत कुल 32 प्रार्थना-पत्र रखे गए जिन पर कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा विचार-विमर्श पर प्रतिकर राशि/अवार्ड पारित किए गए। मीटिंग के दौरान पीड़ित प्रतिकर में कुल 14 लाख 25000 राशि का अवार्ड पारित हुआ। इसी के साथ विधिक सहायता के तहत नियुक्त अधिवक्तागण के देय मानदेय के संबंध में भी आवशयक कार्यवाही की जाकर अधिवक्तागण को नियमानुसार देय मानदेय के ऑर्डर जारी किए गए। साथ ही अंडर ट्रायल बंदी जो विभिन्न कैटेगरी में कारागार में निरुद्ध है उनकी रिहाई की अनुशंसा कर संबंधित न्यायालयों को भेजे जाने के निर्देश एवं आदेश प्रदान किए।



### यें गणमान्य रहे मौजूद

» बैठक में अनीष दाधीच, न्यायाधीश श्रम न्यायालय क्रम सं.01, जयपुर महानगर द्वितीय, शिव कुमार, न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम सं. 1, जयपुर महानगर द्वितीय, सुश्री मांडवी राजवी, मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय, सुश्री राशि डोगरा डूडी, पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर उत्तर अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर पश्चिम पवन शर्मा, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, संतकुमार जैन, लोक अभियोजक, राकेश मोहन, अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, जयपुर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भारतीय करेंसी के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन के जोगबनी भारत-नेपाल सीमा के आउट पोस्ट के जवानों ने बीती देर शाम जांच के दौरानुखू नाका बीसीपी गेट के पास से एक नेपाली नागरिक को 2 लाख 70 हजार भारतीय रुपये के साथ गिरफ्तार किया। एसएसबी के अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए नेपाली नागरिक मोरंग जिला के रंगेली वार्ड संख्या चार के रहने वाले गोवर्धन सिंह पिता -महावीर सिंह से बरामद रुपये के बारे में जानकारी लेनी चाही तो बरामद भारतीय रुपये को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दिया। जिसके आधार पर एसएसबी के अधिकारियों ने बाद में रुपये को हवाला का रुपये होने की आशंका जाहिर की है। एसएसबी जोगबनी बीओपी के टीम लीडर सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने युवक को पकड़ा। गिरफ्तार नेपाली नागरिक भारतीय करेंसी के साथ भारतीय प्रक्षेत्र से नेपाल प्रक्षेत्र जाने की योजना में थे। इसी क्रम में जांच के लिए पकड़े जाने के बाद जांच के दौरान तलाशी लेने के क्रम में उनके पास से दो लाख 70 हजार भारतीय नोट बरामद किए गए। एसएसबी ने बरामद रुपये और आरोपित युवक को फारबिसगंज कस्टम के हवाले कर दिया है।

### नेपाल ले जा रहे 20 मोटर जब्त,तस्कर फरार

**पूर्वी चंपारण।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 71 वीं बटालियन जमुनिया कैम्प के जवानों ने गुप्त सूचना पर सीमावर्ती झरौखर में छापेमारी कर भारत से नेपाल तस्करी कर ले जाया जा रहे 20 पीस वाटर मोटर व प्लम्बर एसेसरीज के साथ तस्करी में प्रत्युक्त टाटा मैजिक लोडर को जब्त किया है। हालांकि एसएसबी जवानों को देख तस्करी का सामान लदा उक्त मैजिक लोडर छोड़ कर तस्कर नेपाल की ओर भागने में सफल रहे। जानकारी देते एसएसबी के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी तस्कर बड़े पैमाने पर भारतीय क्षेत्र से वाटर मोटर नेपाल ले कर जाने वाले है। जिसके बाद एसएसबी जवानों के द्वारा विशेष गश्ती शुरू किया गया। इस दौरान जब तस्कर भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 357/03 के निकट उक्त मोटर लदी टाटा मैजिक लोडर के साथ भारतीय सीमा से नेपाल सीमा की ओर जाने का प्रयास कर रहा था। तभी दूर से ही एसएसबी की गश्ती टीम को देखकर तस्कर सामान लदी उक्त वाहन को छोड़कर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गया। जिसके बाद एसएसबी ने बरामद उक्त सामानों को जब्त कर कस्टम कार्यालय मोतिहारी को सौंप दिया है। वहीं फरार तस्कर की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### नहीं भूल पाउंगा नवादावासियों का प्यार: अंजनी

**नवादा।** नवादा सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार को प्रखंड सभागार में गुरुवार को विशेष समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उनके बेहतर जीवन की भी कामना की गई। बीडीओ अंजनी कुमार की पदोन्नति डीआरडीए के डायरेक्टर के पद पर हुई है। उनकी पदस्थापना मुंगेर जिले में की गई। साथ ही नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार का भी स्वागत किया गया। मुखिया संघ के उपाध्यक्ष तथा महुली ग्राम पंचायत के विपिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सभी ने एक स्वर से अंजनी कुमार को विकास पुरूष के साथ ही मानवता का पुजारी बताया। अंजनी कुमार ने कहा कि जीवनभर नवादावासियों का प्यार नहीं भूल पाउंगा।

### सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत

**नवादा।** नवादा में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने गुरुवार को यात्री से भरी बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बोलेरो पर सवार एक 14 वर्षीय बालक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों कहरिया गांव के पास लाश रखकर एनएच 82 को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र दोनों कहरिया गांव के रहने वाले थे जो अपने चचेरे भाई की शादी में मंझवे गांव जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कहरिया मोड़ के पास बोलोरो में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बोलेरो सवार राजेंद्र मांझी के 14 वर्षीय पुत्र शैलेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी।

### विवाह समारोह में शामिल होने केलिए मुंबई गई ममता

**कोलकाता ।** ममता मुंबई में कई कार्यक्रमों के साथ-साथ अंबानी परिवार के विवाह घर में भी शामिल होंगी। जाने से पहले उन्होंने यात्रा का कार्यक्रम बताते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने खास मीडिया को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, 'मैं आवेदन कर रहा हूं। यदि एप्लिकेशन काम नहीं करता है, तो मैं कानून देखूंगा। क्षमा करें, मुझे यह कहने के लिए मजबूर होना पड़ा।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन विशेष मीडिया के पास चुनाव से पहले की योजनाएं थीं। राज्य की मुख्यमंत्री, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी एक निजी निमंत्रण पर अनंत अंबानी के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए गुरुवार दोपहर मुंबई के लिए रवाना हो गईं।

### पानी मे डूबने से 3 बच्चियों की मौत



**सिवान।** जिला के गोरियाकोठी थाना क्षेत्र के शिव राजपुर गांव में उस समय मातम छा गया जब पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। बारिश के पानी के चलते जल जमाव गड्ढा में होने के कारण छठी कुमारी, प्रीति कुमारी व खुसबी कुमार का डूब जाने के कारण देहांत हो गया। इधर विकासशील पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को आपदा राहत कोष से प्रशासन से मुवावजा देने की मांग की है।

# नेपाल की बारिश बिहार के लिए बनी आफत, उफान पर कोसी

**मधेपुर प्रखंड के लगभग 50 हजार की आबादी कोसी की बाढ़ से चौतरफा घिरी है**



एजेंसी

**पटना।** नेपाल और इससे सटे बिहार के जिलों में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नेपाल से पानी छोड़ने के कारण कोसी नदी उफान पर है, जिसके कारण मधुबनी के मधेपुर प्रखंड स्थित कोसी नदी के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। मधेपुर प्रखंड के लगभग 50 हजार की आबादी कोसी की बाढ़ से चौतरफा घिरी है।

कोसी नदी पर बने सुपौल जिले के बीरपुर बराज से गुरुवार सुबह आठ बजे 9.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दूसरी ओर गंडक नदी के बाल्मिकीनगर बराज से 8.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

नेपाल से सटे मधुबनी सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सुपौल में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे बढ़ ही रहा है। इन दिनों नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में रूक रूककर भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण सुपौल जिले के बीरपुर कोसी बराज से लगातार पानी छोड़े जाने से जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। अबतक लाखों क्युसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज किया जा चुका है।

कोसी नदी के साथ-साथ भूतही बलान, कमला बलान और तिलयुगा नदी के जलस्तर में भी वृद्धि हो रही है। कोसी दोनों तटबंधों के बीच अवस्थित अधिकांश गांवों का सड़क संपर्क बाढ़ के कारण भंग हो रहा है। जिस कारण बलथी चौक ,से योगिया, बकुआ जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पर लोगों का आवागमन का सहारा नाव बना है। इसी तरह कोशी बांध से भेजा, लंगड़ा चौक से भादगमा जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर भी नाव का परिचालन हो रहा है। कोसी नदी की बाढ़ से गढ़गांव, बसीपट्टी, भरगामा एवं बकुआ पंचायत में जन जीवन ज्यादा प्रभावित है। हालांकि लोगों के घर-आंगन में बाढ़ का पानी नहीं है लेकिन घर से बाहर निकलने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

## अज्ञात अपराधियों ने की भवेश यादव की गोली मारकर हत्या



संवाददाता

**अररिया।** रानीगंज के बेलसरा वार्ड संख्या एक निवासी एवं पत्रकार विमल यादव हत्याकांड के आरोपी भवेश यादव की बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने भवेश यादव पर अलग अलग हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग की। भवेश यादव शादी समारोह में भोज खाकर बुधवार रात में ग्यारह बजे अपने एक सहयोगी रजनीश के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में बदमाशों ने बेलसरा के वार्ड संख्या 7 में सड़क को जाम कर उसका घेराव करते हुए गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि बाइक चला रहा रजनीश के पीठ में एक गोली लगी। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया और उसे इलाज के लिए रात में ही आनन फानन में पटना ले जाया गया है। भवेश यादव को सर,कमर और सीने में चार गोली लगने की बात कही जा रही है। पत्रकार विमल यादव हत्याकांड में हाल में ही वह जमानत पर जेल से बाहर निकला था। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बुधवार की रात बेलसरा गांव में ही एक शादी समारोह में 40 वर्षीय भवेश यादव पिता लक्ष्मी यादव शिरकत करने गया हुआ था।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

## डीजे पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध, लाईसेंस उन्ही के नाम निर्गत होगा जिनका कैरेक्टर बढ़िया होगा



संवाददाता

**सीवान।** मुहर्रम को लेकर वृहस्पतिवार को थाना परिसर में एसडीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बताते चलें कि 15 जूलाई की रात्रि छोटी चौकी, 16 जूलाई की रात्रि बडी चौकी तथा 17 जुलाई को पहलाम होगा। एसडीएम ने बताया कि सभी आखाड़ा धारियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। प्रत्येक आखाड़े में 20 वोलेंटियर रखना है। जिसके आधार पर कार्ड मुहर्रम से पहले थाना में लाईसेंस लेने के आवेदन के साथ जमा करना होगा।

जिस मार्ग से होकर आखाड़े निकाले जाएंगे उसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। जितने लोग पारंपरिक हथियारों में तलवार,भाला,गडासा लेकर जाएंगे उनकी भी सुची देना अनिवार्य है। जुलूस वाले मार्ग में लूंज पूंज बिजली के तार को ठीक कराने को बिजली विभाग को कहा गया। सदस्यों ने बताया कि पिछले साल लाइटिंग व्यवस्था बहुत खराब थी। संबंधित अधिकारी ने कहा कि इस साल यह व्यवस्था ठीक की जाएगी। आर बी जी आर कालेज परिसर जहाँ मुहर्रम का मेला लगता है वहाँ महिला पुलिस की तैनाती की मांग सदस्यों ने की। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन, सीओ जितेन्द्र पासवान,नगर पंचायत के ईओ हरिश्चंद्र, बिजली विभाग के जेई राकेश रंजन, वरिष्ठ पत्रकार ई प्रमोद रंजन , शिवम कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि शक्ति शरण प्रसाद, नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुमार, नगर भाजपा अध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रो० सुबोध कुमार सिंह, राजद नेता राजकिशोर गुप्ता, दयाशंकर द्विवेदी, मुखिया शेषनाथ सिंह, ललन प्रसाद नगर पार्षद हरेन्द्र श्रीवास्तव हीरो, शशि कांत तिवारी, रिजवानुल्लाह ऊर्फ टुन्ना, मो० नईम, खालिद हुसैन, गौहर अंसारी सहित बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जयंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद तृणमूल सांसद सौगात रॉय को मिली जान से मारने की धमकी



संवाददाता

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने दावा किया है कि उन्हें एक फोन कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। कॉलर ने धमकी दी कि अगर गिरफ्तार पार्टी नेता जयंत सिंह को जल्द रिहा नहीं किया गया, तो उनकी हत्या कर दी जाएगी।

जयंत सिंह, जो उत्तर 24 परगना जिले के आरियादाहा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं, को 30 जून को मां बेटे की सरेआम पिटाई का वीडियो वायरल होने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। यह क्षेत्र दमदम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका प्रतिनिधित्व चार बार के सांसद सौगत रॉय करते हैं।

सौगत रॉय ने बताया, मुझे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने दावा किया कि अगर मैंने जयंत सिंह की रिहाई सुनिश्चित नहीं की, तो मुझे मार दिया जाएगा। कॉलर ने मुझे आरियादाह आने पर भी जान से मारने की धमकी दी। यह कॉल दो बार आया और कॉलर ने मुझे गालियां भी दीं। मैंने बाद में बैरकपुर पुलिस आयुक्त से संपर्क किया और उनसे नंबर को ट्रैक करने का अनुरोध किया। मैंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

जयंत सिंह को 30 जून को एक कॉलेज छात्र और उसकी मां पर हुए हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। एक वीडियो क्लिप में लोगों के एक समूह को उन दोनों को मारते हुए दिखाया गया था, जो वायरल हो गया था।

पुलिस ने आरियादाह में एक पुरानी वीडियो क्लिप के प्रसार के बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए एक और मामला दर्ज किया, जिसमें एक लड़की को लोगों के एक समूह द्वारा क्लब में टांग कर लाठियां से बर्बर तरीके से पीटते हुए हुए दिखाया गया है।

जयंत सिंह के करीबी सहयोगी को मंगलवार रात को इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया, जिससे इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है। जयंत को कमरहाटी से विधायक मदन मित्रा का करीबी माना जाता है और मदन मित्रा तथा सौगत राय के बीच आपसी गुटबाजी अमूमन सुर्खियों में रहती है।

जयंत सिंह, को 2023 में एक अन्य मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। वह आदतन अपराधी है और गोलीबारी तथा अन्य मामलों में सुर्खियों में रहता है।

## पिटाई मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज







संवाददाता

**कोलकाता।** बौबाजार सामूहिक पिटाई मामले के एक आरोपी ने सुरक्षा गार्ड होने का दावा किया। तब वकील ने उनसे पूछा कि वह इस घटना को क्यों नहीं रोक सके। आरोपियों के वकील ने 14 आरोपियों की जमानत के लिए अर्जी दी। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

न्यायाधीश ने सभी को 30 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया। उत्तर बंगाल से लाया गया एक अन्य आरोपी 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में रहेगा। पिछले शुक्रवार को इरशाद आलम नाम के शख्स की मौत हो गई। वह बेलगछिया का रहने वाला था। मोबाइल चोरी के शक में उसकी पिटाई की गई थी। बौबाजार थाने की पुलिस उसे अस्पताल ले गयी जहां उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम में पुलिस को पता चला कि उसकी मौत अत्यधिक पिटाई के कारण हुई है। इसके बाद पुलिस ने जांच के दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया था ।

## रक्षा राज्य मंत्री ने किया गन फैक्टरी का निरीक्षण



संवाददाता

**कोलकाता।** भारत के माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ऐतिहासिक गन एंड शेल फैक्टरी (जीएसएफ) में आगमन हुआ । माननीय रक्षा राज्य मंत्री (आरआरएम) ने जीएसएफ में अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया और हथियार एवं गोला-बारूद के उत्पादन में हुई नवीनतम प्रगति की समीक्षा की । माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में जीएसएफ द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इस विजिट में जीएसएफ की वर्तमान परियोजनाएँ एवं भविष्य में इसकी उत्पादन क्षमताओं को और आधुनिक एवं विस्तृत बनाने के संबंध में किए जा रहे पहल की विस्तृत जानकारी दी गई । माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की और गुणवत्ता तथा दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में उनके प्रयासों की सराहना की । इस परिप्रेक्ष्य में, एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) के सीएमडी श्री राजेश चौधरी ने एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की नवीनतम उपलब्धियों को प्रस्तुत किया तथा जीएसएफ की ओर से जीएसएफ के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश कुमार पांडेय ने प्रस्तुति दी ।

माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आत्मनिर्भरता पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला तथा इस दिशा में एडब्ल्यूईआईएल और जीएसएफ के प्रयासों की सराहना की । माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक गन एंड शेल फैक्टरी का यह दौरा संतोषजनक रहा । उन्होंने पाया कि जीएसएफ भारत के रक्षा उत्पादन की धारणा और सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है ।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती आयुध निमार्णी बोर्ड से नए डीपीएसयू के गठन के बाद जीएसएफ और इसके मूल संगठन एडब्ल्यूईआईएल की भूमिका ने दूसरों के लिए नवीन अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने जीएसएफ और एडब्ल्यूईआईएल दोनों के समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सरकारी यात्री बस से 60 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** घोषपुकुर चौकी की पुलिस ने सरकारी बस से 60 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दिनहाटा के उज्जवल शील, फालाकाटा के अमल बर्मन और मालदा के निवासी आत्मिक पांडे के रूप में हुई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर रात फांसीदेवा के घोषपुकुर मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घोषपुकुर चौकी की पुलिस ने गुप्त सुचना पर अभियान चलाया। इस दौरान सिलीगुड़ी से कोलकाता जा रही एक सरकारी यात्री बस को रोक कर तलाशी ली गई। जिसके बाद बस के केबिन में तीन ट्रॉली बैग से करीब 60 किलो गांजा बरामद हुआ।

# राष्ट्रीय मत्स्य पालन दिवस पर मछुआरों का सम्मान



संवाददाता

**कोलकाता।** भारत की नीली क्रांति के मुख्य उत्प्रेरक और प्रेरित प्रजनन की भारी सफलता के कारण हर साल 10 जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। 10 जुलाई, 1957 को डॉ. हीरालाल चौधरी और डॉ. अलीकुनी ने उस समय उड़ीसा के अंगुल में स्थित क्षेत्रीय केंद्र में प्रेरित प्रजनन प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया। वर्तमान में, मत्स्य पालन एक तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है, 2023 में इसकी वार्षिक वृद्धि दर 8.9% है ।

अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संगठन के रूप में, सिफ्रि हर साल 10 जुलाई को बैरकपुर में अपने प्रधान कार्यालय में राष्ट्रीय मत्स्य पालन दिवस मनाता है। इस अवसर पर, भारत के विभिन्न हिस्सों के 12 सफल और प्रगतिशील मछुआरों को सम्मानित किया गया और अन्य मछुआरों की पहल को प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से एक पश्चिम बंगाल के कूच बिहार का एक सफल मछुआरा था। दिन के कार्यक्रम में 90 मछुआरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार के मत्स्य पालन विभाग के कार्यवाहक मंत्री श्री बिप्लब चौधरी महाशय उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के मंत्री श्री गैब्रियल डॉ. वांग्सू महाशय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के निदेशक डॉ. वसंत कुमार दास ने ब्लू के जन्मदाताओं में से एक डॉ. हीरालाल चौधरी को श्रद्धांजलि दी। क्रांति और प्रेरित प्रजनन के वैज्ञानिकों में से एक। दिन के दौरान मछुआरों-वैज्ञानिकों की आमने-सामने चर्चा आयोजित की गई, जहां विशेषज्ञों ने अंतर्देशीय मत्स्य पालन में समस्याओं और संभावनाओं पर चर्चा की और समाधानों पर प्रकाश डाला।

श्री विप्लप रॉय चौधरी ने संगठन की सराहना की और आने वाले दिनों में केंद्र और राज्य की संयुक्त पहल पर जोर दिया। इस वर्ष सीआईएफआरआई ने देश भर में फैली लगभग 3000 महिला मछुआरों को मछली पालन सामग्री के साथ-साथ तकनीकी सलाह प्रदान करके उनकी आजीविका में सुधार लाने के अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। डॉ. दास ने कहा, सिफरी आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत और वैज्ञानिक मत्स्य पालन के माध्यम से मछली किसानों की आय दोगुनी करने और प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मत्स्य अनुसंधान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अनुसंधान केंद्र शोधित तकनीक पहुंचा रहा है मछली पालकों को उनके संवर्धन और विस्तार विभाग के माध्यम से मान्यता मिलनी चाहिए।

## सोने की दुकान लूटने वाली 'चाची' गिरफ्तार

**11 जून को डोमजुड़ में 6 बदमाशों ने सोने की दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था**



संवाददाता

**कोलकाता ।** डोमजुड़ में सोने की दुकान लूटने के आरोप में चाची को गिरफ्तार किया गया है। उसे बिहार से यहां लाया गया है। हावड़ा जिला अस्पताल में शारीरिक परीक्षण के बाद उन्हें अदालत ले जाया गया। जांचकर्ता ने चाची से पूछताछ करने केलिए अपने हिरासत में लिए। 11 जून को डोमजुड़ में 6 बदमाशों ने एक सोने की दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने दुकान से सारे सोने के आभूषण लूट लिए थे। वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। हावड़ा सिटी पुलिस के जासूसों ने जांच शुरू की। इसके बाद बिहार से 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। चाची उर्फ आशा देवी जाल में फंस गयीं। जांच में पता चला कि चाची कुख्यात अपराधी सुबोध गिरोह की सदस्य थी। पुलिस के मुताबिक चाची ने ही चोरी की सारी योजना बनाई थी। अपराधी किस रास्ते से आयेंगे, किस रास्ते से भाग जायेंगे। डकैती से पहले रेकी की थी सारी साजिश चची की मास्टरमाइंड थी। डकैती से पहले चाची ने हथियार भी उपलब्ध कराये थे। पुलिस चाची को अपनी हिरासत में लेकर जांच को आगे बढ़ाना चाहती है।

एक नजर

### 'जल गंगा संवर्धन' अभियान से अलीराजपुर की प्राचीन बावड़ी को मिला नया जीवन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में प्राचीन बावड़ी एवं जल-संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अलीराजपुर जिले में जोबट स्थित देव स्थान पर बनी प्राचीन बावड़ी का सफाई और जीर्णोद्धार किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी आरआर पटेल ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि बावड़ी में लम्बे समय से गाद, मिट्टी और कचरा निकालने का कार्य जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से किया गया। प्राचीन बावड़ी में लगे पीपल के पौधों को सुरक्षित निकाल कर अन्य स्थान पर रोपण किया गया। करीब 60 फीट गहरी बावड़ी वर्ष 1906 की है।

### लिंग के आधार पर ना हो किसी के भी साथ भेदभाव : कुसुम कण्डवाल



**ऋषिकेश।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने नरेन्द्र नगर (टिहरी गढ़वाल) स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट नई दिल्ली के निदेर्शानुसार पुलिस कर्मियों के लिए लिंग संवेदीकरण और फोरेंसिक विज्ञान कार्यक्रम विषय पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। ट्रेनिंग कोर्स के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने पुलिस के अधिकारियों को लिंग संवेदीकरण, महिला सुरक्षा व महिलाओं के साथ उचित व्यवहार के विषय पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लिंग के आधार पर किसी के भी साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। हमें समाज में जो रूढ़िवादी विचारधारा है उसे समाप्त करना है। सभी पुलिसकर्मियों को महिलाओं व पीड़िताओं के साथ उचित व्यवहार करना चाहिए, ताकि पीड़ित महिला अपनी बात, अपनी पीड़ा हमें सरलता से बता सके।

### शराब की दुकानों पर लगेंगे पर्दे

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के कारण पुलिस प्रशासन पुख्ता प्रबंध करने में जुटा है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों को पर्दे से ढका जाएगा। जबकि मांस की दुकानों को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। 22 जुलाई से श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। इसके लिए कांवड़ मार्गो को दुरुस्त किया जा रहा है। कांवड़ियों को असुविधाओं से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी करने में जुटा है। कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाली शराब की दुकानों को लेकर खास तैयारी की जा रही है।

### शिक्षकों को बच्चों के लिए असुविधा सहन कर लेना चाहिए : प्रमुख सचिव

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षकों से डिजिटल उपस्थिति पर आने की अपील की है। प्रमुख सचिव ने अपने बयान में कहा कि हमारे शिक्षकों को बच्चों के लिए असुविधा को सहन कर लेना चाहिए। किसी नेक प्रयास के लिए आगे बढ़ने पर असुविधा हो सकती है। प्रमुख सचिव एमके शनमुगा सुंदरम ने कहा कि शिक्षकों को अपने साथ-साथ बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। अगली पीढ़ी को तैयार कर रहें शिक्षकों को बच्चे के विकास के बारे में भी सोचना चाहिए।

### पूर्व मुख्य सचिव से आनलाइन ठगी, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन से आनलाइन ठगी मामले में गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। आलोक रंजन ने आप बीती बताते हुए कहा है कि एसबीआई बैंक के नाम से अज्ञात व्यक्ति का उनके पास फोन आया। अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें क्रेडिट कार्ड का बकाया होने की बात कहकर कुछ नम्बर डायल कराया और शाम तक उनके अकाउंट से 383 डॉलर अर्थात बत्तीस हजार रुपये कट गये। गोमती नगर थाने की पुलिस ने आलोक रंजन से तमाम जानकारी लेने के बाद साइबर सेल की मदद से ठगी मामले की जांच पड़ताल आरम्भ कर दी है।

### महिला की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या

**सुलतानपुर।** जनपद में गोसाईगंज थाने के मगनगंज गांव में जाहिरा नामक महिला की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मृतका के पति आजाद ने पुलिस को दी। मगनगंज गांव का रहने वाला आजाद लखनऊ में अपना इलाज कराने गया था। उसने फोन करके थाना की पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी जाहिरा की हत्या हो गयी है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच पड़ताल आरम्भ किया। पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द्र ने घटना के बारे में बताया कि महिला का ससुर घर से फरार है।

# कृषि क्षेत्र के हित में हरसंभव सहायता प्रदान करेगी केंद्र सरकार : शिवराज

- एक टीम के रूप में काम करना चाहिए
- ठोस तरीके से समाधान तलाशना चाहिए



**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश में कृषि क्षेत्र की तीव्र प्रगति के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यवार चर्चा शुरू की है। इसी क्रम में बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के हित में बिहार को हर संभव सहायता प्रदान करती रहेगी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने असम, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कृषि मंत्रियों से मुलाकात की थी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ने बिहार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत धन आवंटन की समीक्षा करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में नए प्रस्ताव भी मांगें हैं। चौहान ने खरीफ सीजन के लिए बीजों की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने और रबी फसल के लिए बीजों की आपूर्ति के लिए शीघ्र योजना बनाने की समीक्षा करने को भी कहा।

मंत्रालय के मुताबिक केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे से कृषि मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि बिहार के किसानों को केंद्रीय स्तर पर कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों को देश में कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए एक टीम के रूप में काम करना चाहिए और ठोस तरीके से समाधान तलाशना चाहिए।

बिहार के कृषि मंत्री ने राज्य में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को मजबूत करने की आवश्यकता बताई और केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह केवीके के कामकाज की समीक्षा करेंगे। पांडे ने राज्य में मक्का और मखाना की उत्पादन क्षमता पर प्रकाश डाला और इसे साकार करने के लिए केंद्र से समर्थन मांगा। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित केंद्रीय एवं राज्य कृषि एवं बागवानी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विकास कार्यों की बदौलत हरियाणा विकसित राज्य है : कंवर पाल

**यमुनानगर। एजेंसी**



प्रदेश सरकार द्वारा करीब 99 करोड़ रुपए की लागत से जगाधरी में इंडस्ट्रियल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की मंजूरी प्रदान करने पर मैंटल इंडस्ट्री के मालिकों एवं उद्योगपतियों ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ कृषि मंत्री कंवरपाल का आभार व्यक्त करते हुए कृषि मंत्री से मुलाकात की। हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता और जगाधरी एनवायरमेंट सोसाइटी के प्रधान एपीएस भट्टी ने गुरुवार को बताया कि मैटल इंडस्ट्री की लंबे समय से मांग थी कि जगाधरी में इंडस्ट्रियल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाए। क्योंकि जगाधरी में बहुत अधिक मैटल इंडस्ट्री हैं। मैटल इंडस्ट्री से जो वेस्टेज के रूप में दूषित पानी निकलता है तो कई बार उससे कई प्रकार की गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कृषि मंत्री ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इस प्रोजेक्ट को मंजूर करवाया और अब लगभग 99 करोड़ रुपए की लागत से इसका टेंडर पास हो गया है। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार का हमेशा विकास कार्यों को बढ़ावा देने का काम रहा है। विकास कार्यों की बदौलत आज हरियाणा देश का विकसित राज्य हैं। हरियाणा में पहली बार यह इंडस्ट्रियल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जगाधरी विधानसभा में लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र को मानकर विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाती है।उन्होंने बताया कि इस इंडस्ट्रियल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना से न केवल जगाधरी का वातावरण स्वच्छ बनेगा।

### 13 जुलाई तक भारी वर्षा का अलर्ट, एक दर्जन सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंद पड़े मानसून की सक्रियता से एक बार फिर जोरदार वर्षा होने की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन यानी 13 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के मददेनजर विभाग ने लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी-नालों के समीप न जाने की हिदायत दी है। 17 जुलाई तक प्रदेश में मौसम के खराब रहने का अनुमान है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाए हैं। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी हुई है। बीते 24 घंटों के दौरान सोलन जिला के कसौली में सर्वाधिक 38 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसके अलावा सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में 22 व नाहन में 13, कांगड़ा जिला के मुख्यालय धर्मशाला में नौ मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है। मानसून के मंद पड़ने से भूस्खलन की घटनाओं में कमी आई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक गुरूवार सुबह तक प्रदेश भर में भूस्खन से 12 सड़कों के अवरूद्ध होने से वाहनों की आवाजाही ठप रही।

## राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, यूक्रेन के साथ युद्ध में विफल हो रहा रूस

**वाशिंगटन। एजेंसी**



नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में विफल हो रहा है। इस अवसर पर बाइडन ने यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरण देने का ऐलान करते हुए नाटो देशों से कहा कि कोई गलती न करें, रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। बाइडन ने अपने संबोधन में कहा कि यूक्रेन पुतिन को रोकने में सफल होगा।

वाशिंगटन डीसी में मंगलवार से शुरू हुए नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गनाइजेशन (नाटो) के शिखर सम्मेलन बेहद खास है। नाटो ने अपनी स्थापना 75 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर बाइडन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली यूक्रेन को पांच अतिरिक्त सामरिक वायु सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे। आने वाले महीनों में अमेरिका और उसके साझेदार यूक्रेन को दर्जनों अतिरिक्त सामरिक वायु-रक्षा प्रणालियां प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब हम महत्वपूर्ण वायु-रक्षा इंटरसेप्टर निर्यात करें तो यूक्रेन युद्ध में एकदम आगे निकल जाए। बाइडन ने कहा, रूस ने जब आक्रमण किया था तो कहा था कि कीव को दो दिन में जीत लेंगे, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय हो गया। इस दौरान रूस के साढ़े तीन लाख से अधिक सैनिक या तो मारे गए है या घायल हुए हैं। इतना ही नहीं लगभग 10 लाख रूसी सुरक्षित भविष्य के लिए देश छोड़ चुके हैं।

## पूरे सदन के समर्थन से प्रधानमंत्री बने प्रचण्ड की एक चौथाई सांसदों के साथ हो रही विदाई

**काठमांडू। एजेंसी**



- गठबन्धन बदलता रहेगा पर प्रधानमंत्री वो ही रहेंगे

नेपाल में आमचुनाव के बाद दो बड़े राजनीतिक दलों के बीच दूरी बढ़ा कर खुद प्रधानमंत्री बने पुष्पकमल दाहाल को पहली बार पूरे सदन का समर्थन मिला था। शुक्रवार को उनकी विदाई से पहले उनके पक्ष में एक चौथाई से भी कम सांसदों का समर्थन रह गया है। 32 सीटों के साथ तीसरी बड़ी पार्टी के नेता प्रचण्ड की प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को विदाई तय है।

पहली बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद जब उन्होंने विश्वास मत हासिल किया था तो उन्हें 275 सदस्यों वाले सदन में 273 सांसदों का समर्थन मिला था। अब जबकि उनकी सरकार अल्पमत में आ गई है और शुक्रवार को वो अपना विश्वास का मत लेने जा रहे हैं तो उनके पक्ष में महज 63 सांसदों का समर्थन रह गया है। नेपाली राजनीति में हमेशा ही उथलपुथल लाने का दावा करने वाले प्रचण्ड खुद ही इस उथलपुथल के शिकार हो गए हैं। 32 सीटों के साथ कभी सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 सांसदों के साथ मिल कर सरकार चलाया तो कभी अचानक रातों रात पलटी मार कर 78 सांसदों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी रहे नेकपा एमाले के साथ सरकार चलाई। प्रचण्ड खुलेआम यह बात कहते थे कि उनके पास 32 का जादुई नम्बर है जो कभी इधर तो कभी उधर करता रहेगा।

प्रचण्ड ने कई बार दावा किया कि गठबन्धन बदलता रहेगा पर प्रधानमंत्री वो ही रहेंगे और पूरे पांच साल तक रहेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। उनके बड़बोलेपन से आजिज आकर देश की दोनों सबसे बड़ी पार्टियां विपरीत विचारधारा की होने के बावजूद एक हुईं और जल्द ही प्रचण्ड को अपदस्थ कर दो तिहाई की बहुमत वाली सरकार बनाने जा रही हैं। अब तक प्रचण्ड के साथ रहे नेकपा एमाले के अलावा जनता समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनमत पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, नागरिक उनमुक्ति पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा सबने साथ छोड़ दिया।

## सिकल सेल रोग के लिए उचित आयुष औषधियों को करें चिन्हित : पटेल

**भोपाल। एजेंसी**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आयुष विभाग सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करें। अभियान की गतिविधियों के लिए आवश्यक वित्तीय बजट का प्रावधान करें।

राज्यपाल पटेल गुरुवार को राजभवन में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सिकल सेल रोग उन्मूलन के प्रयासों में आयुष विभाग की प्रभावी भूमिका की व्यापक सम्भावनाएं हैं। प्रदेश में विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक औषधियों की प्रचुर मात्रा उपलब्ध है। जनजातीय समुदाय के रूप में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान का समृद्ध भंडार मौजूद है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ इसे समायोजित किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने विभाग को निर्देशित किया कि जनजातीय बहुल इलाकों में शिविर लगाकर आयुर्वेद आधारित पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के विशेषज्ञों के साथ सिकल सेल उपचार संबंधी जानकारियों को साझा करें। उनके अनुभवों और ज्ञान को संयोजित करें। सिकल सेल रोग के लिए उचित आयुष औषधियों को चिन्हित करें।

मंत्री आयुष इंदर सिंह परमार ने बैठक में बताया कि विभाग द्वारा समेकित चिकित्सा की कार्य योजना तैयार की है। अन्य चिकित्सा पद्धतियों के साथ सामंजस्य के साथ रोग निदान प्रयासों में सहयोग किया जा रहा है। आयुष औषधियों की मेडिकल किट तैयार की गई है जिन रोगों के लिए एलोपैथी चिकित्सा पद्धति में उपचार औषधि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से वंचित जनजातीय समूह (ढशळज्ञ) विकास खंडों में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुष मोबाइल युनिट गठित किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में मंडला, बालाघाट में बैहर, डिंडोरी, अनूपपुर में पुष्पराजगढ़, शहडोल, उमरिया, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, छिंदवाड़ा में तामिया और ग्वालियर के डबरा में स्थापित की जाएगी।

### लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

**जींद।** गांव धरौदी मे रंजिश के चलते बुधवार की रात हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि तीन लोग घायल हो गए। गुरुवार को परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे ओर पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बाद में डीएसपी द्वारा आरोपितों की गिरफ्तार की आश्वासन देने पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर तीन लोगों को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर किया है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। गांव धरौदी निवासी दर्शन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम उसके पिता खजान सिंह व परिवार के कुछ सदस्य अपने मकान के बाहर बैठे थे। उसी दौरान गांव का ही सुरेश, रवि, गांव सुलतानपुर निवासी राजेश समेत आठ अन्य वहां पर आए और लाठियों व डंडों से हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता खजान सिंह, परिवार विशाल, सलिंद्रो तथा विवेक को गंभीर चोट आई। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

## आआपा-कांग्रेस का ठगबंधन दिल्ली को लूट रहा है : अश्विनी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) और कांग्रेस के गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि यह ठगबंधन मिलकर दिल्ली को लूटने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को यह तय करने की जरूरत है कि क्या अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस और आआपा का 'ठगबंधन' दिल्ली को विश्व स्तरीय शहर बनाने के लिए उपयुक्त है।

वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट, भ्रष्टाचार और कूड़े के मुद्दे पर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आआपा की सरकार दिल्ली के लिए पानी की व्यवस्था तक तो नहीं कर पाई, उसका पूरा ध्यान शराब पर ही केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपनी बेईमानी से देश की राजधानी दिल्ली में जिस तरह की स्थिति पैदा की हैं, उससे अराजकता पैदा हो गई है। उनकी गैरजिम्मेदारी का खामियाजा अब शहर का हर नागरिक भुगत रहा है। मंत्री वैष्णव का आआपा सरकार पर यह हमला दिल्ली के बवाना इलाके में गुरुवार सुबह मुनक नहर बैराज में आई दरार के बाद आया है, जहां कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए। दिल्ली की आआपा सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सफाई और पेयजल उपलब्ध कराने, नालियों को बंद करने के झूठे वादे किए, लेकिन किया कुछ नहीं।

समाधान | नागरिकों को हक की संपत्ति का मालिकाना हक मिलेगा

# चार हजार लोगों को मिलेगा स्वामित्व योजना का लाभ : सुभाष

**फतेहाबाद। एजेंसी**

- जिला के 178 लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र और 75 लोगों को लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौंपे





राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जिला में 4 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं को महत्वपूर्ण और दशकों पुरानी मांग पूरी होने वाली योजना बताते हुए इस समस्या के समाधान से अब नागरिकों को उनकी हक की संपत्ति का मालिकाना हक मिलेगा।

राज्यसभा सांसद गुरुवार को लघु सचिवालय के समीप स्थित डीपीआरसी हॉल में शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के लाभपात्रों को स्वामित्व पत्र के जिला स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत जिला के 178 लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र और 75 लोगों को लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौपे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मानसेर में राज्य स्तरीय समारोह में लाभपात्रों को स्वामित्व पत्र सौपे रहे थे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्थानीय डीपीआरसी हॉल में किया गया।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कल्याणकारी राज्य में लोगों की सुख-सुविधाओं का ख्याल सरकार द्वारा रखा जाता है। सामान्य जीवन में परिवर्तन लाने वाली योजनाएं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लागू की गई है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक किराये पर बैठे व्यापारियों को अब उनका मालिकाना हक मिलेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि दशकों पुरानी लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। अब शहरी क्षेत्र के लिए यह योजना लागू की जा रही है। इसके तहत जिला के चार हजार नागरिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आगामी 20 दिनों में सभी लाभपात्र परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर डीएमसी संजय बिश्रोई, नप ईओ राजेंद्र सोनी, सचिव महावीर सिंह, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, उप प्रधान सविता टूटेजा, राजपाल बैनीवाल, भीम लांबा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डेमोक्रेट्स को बाइडेन के हारने की आशंका, मैदान से हटने का आह्वान

**वाशिंगटन। एजेंसी**



राष्ट्रपति जो बाइडन की पूर्व सहयोगी नैंसी पेलोसी ने कहा है कि बाइडेन को जल्द इस बात पर फैसला लेना चाहिए कि उन्हें व्हाइट हाउस की रेस में रहना है या नहीं। पेलोसी की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि बाइडेन को साथी डेमोक्रेट नेताओं की ओर से संदेह की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन को कल पद छोड़ने के लिए दबाव की नई लहर का सामना करना पड़ा। डेमोक्रेट्स ने चिंता व्यक्त की है कि वह नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप से हार सकते हैं। इस संबंध में कांग्रेस सदस्य और सदन की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने अब तक का सबसे मजबूत सार्वजनिक संकेत दिया कि डेमोक्रेट बाइडेन की उम्मीदवारी पर विभाजित थे। हालांकि उन्होंने कहा कि बाइडेन जो भी निर्णय लेंगे वह उनका समर्थन करेंगी। इस बीच डेमोक्रेट और न्यूयॉर्क के प्रतिनिधि पैट रयान ने भी बाइडेन से देश की भलाई के लिए उम्मीदवारी छोड़ने का आह्वान किया है।

### इजराइल ने गाजा सिटी खाली करने का दिया आदेश

**यरुशलम।** इजराइल की सेना ने बुधवार को फिर गाजा सिटी को खाली करने के आदेश दिया है। इसके साथ युद्ध विराम की पहल के बीच युद्ध भड़कने की आशंका बढ़ गई है। इजराइली सेना ने गाजा सिटी में पर्चे गिराए हैं। इसमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया है। इसमें कहा गया है कि गाजा शहर खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इस बीच, मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 20 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें छह बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। इजराइल के गाजा सिटी छोड़ने के ताजा आदेश को घुसपैठ से जोड़कर देखा जा रहा है। यह निकासी आदेश ऐसे समय आया है जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ दोहा में वार्ता कर युद्धविराम समझौते का प्रयास कर रहे हैं।

## एक नजर

### सामूहिक जिम्मेदारी मैच जीतने की कुंजी: चाओबा



**नई दिल्ली।** मेजबान म्यांमार के खिलाफ पहले मैच में मिली 2-1 की हार के बाद, भारतीय सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम शुक्रवार को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में दूसरे मैत्री मैच में एक बार फिर अपने उच्च रैंकिंग वाले पड़ोसी का सामना करेगी। मुख्य कोच चाओबा देवी, जिन्होंने अपने खिलाड़ियों को उत्साही प्रदर्शन के बावजूद हारते हुए देखा, ने शुक्रवार के मुकाबले से पहले अपनी प्राथमिकताएँ स्पष्ट कर ली हैं। उन्होंने गुरुवार को एआईएफएफ के हवाले से कहा, ₹अगले मैच में अपनी गलतियों को कम करना और सामूहिक जिम्मेदारी लेना कल के मैच को किसी भी कीमत पर जीतने की कुंजी है। मंगलवार को, म्यांमार ने 14वें मिनट में विन थेंगी टुन के कॉर्नर किक से हेडर के साथ शुरूआती बढ़त हासिल की। प्यारी जाक्सा ने 58वें मिनट में भारत के लिए बराबरी का गोल किया। हालांकि, 74वें मिनट में सैन थाव थाव ने म्यांमार के लिए निर्णायक गोल किया। अंजू तमांग, संगीता बसफोर और सौम्या गुगुलोथ द्वारा बनाए गए कई मौकों के बावजूद भारत म्यांमार की रक्षा को नहीं भेद सका। विरोधियों के बारे में पूछे जाने पर कोच ने कहा उनका मजबूत पक्ष उनके बेहतरीन टच और पैनीट्रेटिंग पास हैं। हमें उनके पैनीट्रेटिंग रन और पास को ब्लॉक करना होगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच से बाहर किए जाने पर नाखुश थे स्टार्क



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि वह पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ पुरुष टी 20 विश्व कप सुपर आठ मैच के लिए बाहर किए जाने से नाखुश थे। सेंट विंसेंट में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में स्टार्क की जगह बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगर को शामिल किया था, ताकि धीमी स्पिन-सहायक पिच पर बल्लेबाजों को बांधा जा सके। लेकिन इस कदम से वांछित परिणाम नहीं मिले क्योंकि एगर ने कोई विकेट नहीं लिया, सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने 118 रनों की ओपनिंग साझेदारी की, जो प्रतियोगिता में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी।

### पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे अक्षदीप



**नई दिल्ली।** आगामी पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल स्पर्द्धा में भारत के अक्षदीप सिंह भाग लेंगे। पंजाब की ओर से खेलने वाले अक्षदीप ने ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अक्षदीप ने रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में जीत के साथ ही ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। 20 किमी पैदल चाल में राष्ट्रीय रिकार्ड धारी अक्षदीप रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किस था। तब अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था। इस खिलाड़ी का ओलंपिक तक का सफर आसान नहीं रहा है। अक्षदीप ने तरनतारन में आयोजित अंडर-18 नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने अंडर-18 जूनियर नेशनल में भाग लिया और रजत पदक जीता। 2017 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उसने फिर से रजत पदक जीता। हालांकि, 2019 में घुटने की चोट के कारण वह इटली में हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने फरवरी 2020 में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में हिस्सा लिया, लेकिन 12वां स्थान हासिल किया।

# एथलेटिक्स टीम ओलंपिक की तैयारी के लिए विदेशी स्थलों पर लेगी प्रशिक्षण

- 28 जुलाई को पेरिस में एकत्रित होगी
- ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तुर्की के अंताल्या में रहेंगे



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ओलंपिक के लिए 30 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में विदेश में तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेगी, तथा ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं के शुरू होने से चार दिन पहले 28 जुलाई को पेरिस में एकत्रित होगी। पोलैंड के स्पाला में ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर, तुर्की में अंताल्या और स्विट्जरलैंड में सेंट मोरित्ज तीन विदेशी गंतव्य हैं, जहां भारतीय एथलीट अपनी तैयारी के अंतिम चरण में प्रशिक्षण लेंगे। मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने बुधवार को कहा राष्ट्रीय एथलेटिक्स टीम के सदस्य ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेंगे, लेकिन उन्हें 28 जुलाई को पेरिस में इकट्ठा होना होगा। ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तुर्की के अंताल्या में रहेंगे। नायर ने कहा चोपड़ा पहले ही तुर्की पहुंच चुके हैं और 28 जुलाई को पेरिस पहुंचेंगे।

वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड टू पेरिस सिस्टम में उनकी रैंकिंग के आधार पर लॉन्ग जंपर जेसविन एल्ड्रिन और 500 मीटर धावक अंकिता ध्यानी को शामिल करने के साथ ही भारतीय एथलेटिक्स टीम में 30 सदस्य हो गए हैं।

चार रेस वॉकर - अक्षदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, विकास सिंह, सूरज पंवार - और ट्रिपल जंपर अब्दुल्ला अबूबकर वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में हैं, जबकि अविनाश साबले और पारुल चौधरी स्विट्जरलैंड के सेंट मोरित्ज में प्रशिक्षण लेंगे। 4७400 मीटर रिले टीम (पुरुष और महिला) के सभी सदस्य गुरुवार को पोलैंड के लिए रवाना होंगे। चार एथलीट - किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), जेसविन एल्ड्रिन (लंबी कूद) और प्रवीण चित्रावेल (ट्रिपल जंप) - इस सप्ताह की शुरूआत में पोलैंड पहुंचे।

# जिम एफ्रो टी10 का दूसरा सीजन 21 सितंबर से

**हरारे। एजेंसी**

जिम एफ्रो टी10 टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 21 सितंबर से शुरू होगा, जिसका फाइनल 29 सितंबर को हरारे में खेला जाएगा। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट और फिक्स्चर की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। अफ्रीका में अपनी तरह का पहले टी10 टूर्नामेंट के सभी मैच, उद्घाटन सत्र की तरह ही प्रतिष्ठित हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएँगे। पहले वर्ष में, ज़िम एफ्रो टी10 हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फ्लडलाइट्स के तहत खेला जाने वाला पहला टूर्नामेंट बन गया। दूसरे संस्करण से पहले जिम्बाब्वे क्रिकेट के चेयरमैन तवेंग्वा मुकुहलानी ने कहा हम जिम एफ्रो टी10 टूर्नामेंट के लिए फिर से अपने दरवाजे खोलकर बहुत खुश हैं। पहला सीजन हमारे लिए किसी त्यौहार और खेल के जश्न से कम नहीं था, और हम इस साल भी इससे ज्यादा की उम्मीद करते हैं। टी10 लीग में क्रिकेट के उच्च मानकों ने निश्चित रूप से हमारे सफेद गेंद के खेल में हमारी मदद की है और मुझे यकीन है कि यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र पर एक बड़ा, सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखेगा।

टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा हम जिम्बाब्वे में क्रिकेट के महाकुंभ के दूसरे अध्याय के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शानदार उद्घाटन सत्र के बाद, हमारा कर्तव्य है कि हम सुनिश्चित करें कि प्रदर्शन पर क्रिकेट उच्चतम गुणवत्ता का हो, ताकि प्रशंसकों को उनका हक मिले और देश का क्रिकेट परिवार भी जिम्बाब्वे एफ्रो टी10 से लाभान्वित हो।

# ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित: मनप्रीत सिंह



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के सीनियर मिडफील्डर मनप्रीत सिंह पेरिस में अपने चौथे ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हैं, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है जो उन्हें दिग्गज धनराज पिल्लै के बराबर खड़ा करती है। अपने चौथे ओलंपिक में खेलने के लिए तैयार मनप्रीत ने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से अपनी खुशी और गर्व व्यक्त करते हुए कहा मेरे चौथे ओलंपिक में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा मील का पत्थर है जो मुझे बहुत गर्व से भर देता है। यह मेरे परिवार, कोच और टीम के साथियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रमाण है। धनराज पिल्लै जैसे दिग्गज के नक्शेकदम पर चलना, जो मेरे सहित अनगिनत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं, शब्दों से परे सम्मान है।

उन्होंने कहा मैं पेरिस में भारत के लिए अपना सबकुछ देने के लिए उत्साहित हूं, न केवल टीम का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, बल्कि लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों और सपनों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। हमारी टीम दुनिया को भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने के लिए तैयार है। हमने कड़ी मेहनत की है, और हम अपने देश को सम्मान दिलाने और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ हैं।

मनप्रीत ने 2011 में सीनियर टीम में पदार्पण किया। तब से, गतिशील मिडफील्डर ने प्रभावशाली 370 कैप हासिल किए हैं और 27 गोल किए हैं, जिससे मैदान पर उनके कौशल और निरंतरता का प्रदर्शन हुआ है।

### ब्राजीली सेरी ए क्लब कोरिंथियंस ने रेमन डियाज को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के सेरी ए क्लब कोरिंथियंस ने अर्जेटीनी खिलाड़ी रेमन डियाज को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। क्लब ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। 64 वर्षीय डियाज ने एंटोनियो ओलिवेरा की जगह ली, जिन्हें पिछले सप्ताह खराब प्रदर्शन के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। साओ पाउलो क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया, रेमन डियाज कोरिंथियंस के नए मैनेजर हैं। अर्जेंटीना के कोच का अनुबंध 2025 के अंत तक है। अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर डियाज, जिनके प्रबंधकीय करियर में रिवर प्लेट और पैराग्वे की राष्ट्रीय टीम का प्रभारी होना शामिल है, अप्रैल में ब्राजील के वास्को दा गामा से अलग होने के बाद से बेरोजगार थे। कोरिंथियंस की टीम इस सीजन में 15 मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ 20 टीमों की ब्राजीलियन सेरी ए तालिका में 17वें स्थान पर है।

# एलेक्स डी मिनौर के हटने के बाद नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में

- डी मिनौर ने कहा, लेकिन वह कम से कम एक मौका देना चाहते थे और अगर संभव हो तो खेलने की कोशिश करना चाहते थे



**लंदन। एजेंसी**

नोवाक जोकोविच को बुधवार को विंबलडन सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश का मौका मिल गया, जब उनके क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी एलेक्स डी मिनौर कूल्हे की चोट के कारण मैच से हट गए। ऑल इंग्लैंड क्लब में नौवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डी मिनौर ने सेंटर कोर्ट में जोकोविच के साथ होने वाले मैच से कुछ घंटे पहले ही टूर्नामेंट से हटने की घोषणा कर दी थी। डे मिनौर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा जाहिर है कि मैं किसी भी तरह से यह घोषणा नहीं करना चाहता था। मैं कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हट रहा हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 के चौथे दौर की जीत के अंत में उन्होंने दर्द का अहसास हुआ।

जब वह मैच समाप्त हुआ तो डे मिनौर सावधानी से नेट की ओर चले गए। मंगलवार को मेडिकल जांच से चोट की गंभीरता स्पष्ट हो गई थी, डी मिनौर ने कहा, लेकिन वह कम से कम एक मौका देना चाहते थे और अगर संभव हो तो खेलने की कोशिश करना चाहते थे। लेकिन बुधवार की सुबह अभ्यास सत्र के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि वह किसी भी तरह से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वह मैच से पहले मुश्किल से चल पा रहे थे, जो विंबलडन में डी मिनौर का पहला क्वार्टर फाइनल होता। पिछले महीने फ्रेंच ओपन में भी वह इतने ही आगे तक पहुंचे थे। डी मिनौर ने कहा यह कोई रहस्य नहीं है कि मेरे करियर के इस चरण में, यह मेरे करियर का सबसे बड़ा मैच था।

इसलिए मैं खेलने के लिए कुछ भी करना चाहता था मुझे पता था कि कल क्या परिणाम आए थे, लेकिन मैं आज भी जागना चाहता था और किसी तरह का चमत्कार महसूस करना चाहता था और चलते समय ऐसा महसूस नहीं करना चाहता था। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि अगर वह एक और मैच खेलते हैं तो उनके कूल्हे की हालत और खराब हो सकती है।

**खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर लेंगे**

मेरे लिए बाहर जाकर खेलने में समस्या यह है कि एक स्ट्रेच, एक स्लाइड, एक भी चीज, इस चोट को तीन से छह सप्ताह से चार महीने तक बढ़ा सकती है, यह जोखिम उठाने के लिए बहुत ज्यादा है। वॉकओवर ने जोकोविच को 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचा दिया है, जिससे यदि वह खिताब जीत लेते हैं, तो वह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी पुरुष द्वारा सबसे अधिक बार खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर लेंगे। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने सात विंबलडन खिताब जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज या लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

# कोपा अमेरिका से बाहर होने के बाद यूएसए ने मुख्य कोच बरहाल्टर को बर्खास्त किया



**वाशिंगटन। एजेंसी**

कोपा अमेरिका के ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद यूएसए ने मुख्य कोच ग्रेग बरहाल्टर को बर्खास्त कर दिया है। 50 वर्षीय बरहाल्टर 2023 में दूसरी बार पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में शामिल हुए थे, उन्होंने यूएसए को 2022 विश्व कप के अंतिम-16 में पहुंचाया था, लेकिन घरेलू धरती पर पनामा और उरुग्वे से हार के कारण उनका 14 मैचों का कार्यकाल समाप्त हो गया। यूएस सॉकर फेडरेशन ने एक बयान में कहा ग्रेग बरहाल्टर को तुरंत प्रभाव से अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) के मुख्य कोच के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।

यू.एस. सॉकर स्पोर्टिंग डायरेक्टर मैट क्रॉकर ने बरहाल्टर के प्रतिस्थापन की खोज शुरू कर दी है। क्रॉकर ने कहा हम पिछले पांच वर्षों में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम और यू.एस. सॉकर के प्रति ग्रेग की प्रतिबद्धता के लिए उनके बहुत आभारी हैं। ग्रेग ने हमारे संगठन के भीतर सभी का सम्मान अर्जित किया है और एक युवा टीम को एक साथ लाने और कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम ग्रेग को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं, और हम जानते हैं कि उन्हें अपने अगले कोचिंग पद पर सफलता मिलेगी।

बरहाल्टर ने यूएसएमएनटी के मुख्य कोच के रूप में 74 मैचों में 44 जीत, 17 हार और 13 ड्रॉ का रिकॉर्ड बनाया और अपने कार्यकाल के दौरान आधिकारिक प्रतियोगिताओं में 29 जीत, 9 हार और 7 ड्रॉ का रिकॉर्ड बनाया, जिससे यूएसएमएनटी को 2022 विश्व कप क्वालीफिकेशन अभियान में सफलता मिली।

क्रॉकर ने कहा हमारा तत्काल ध्यान एक ऐसे कोच को खोजने पर है जो 2026 विश्व कप की तैयारी जारी रखते हुए हमारी क्षमता को अधिकतम कर सके, और हमने अपनी खोज प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। मुख्य कोच के रूप में बरहाल्टर का पहला कार्यकाल 2022 में उनके गलत आचरण की जांच के साथ समाप्त हुआ। वह इस पद पर चार साल से थे जब उन्होंने स्वीकार किया कि जब वे युवा थे।

## वाणिज्य

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 92 अंक उछला



**नई दिल्ली। एजेंसी**

शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को हरे निशान पर खुला । बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 92.16 अंक यानी 0.12 फीसदी उछलकर 80,016.94 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 25.75 अंक यानी 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 24,350.20 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयरों में तेजी और 5 शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। मेटल, आईटी और ऑटो के शेयरों में ज्यादा तेजी दिख रही है। इससे पहले बीएसई का सेंसेक्स 200 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 80,100 अंक पर खुला और निफ्टी भी 50 अंकों की तेजी के साथ 24,400 के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की थी। उल्लेखनीय है कि कि बीएसई का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) इस समय 451.74 लाख करोड़ रुपये पर आ चुका है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,481 और निफ्टी ने 24,459 का ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था।

हालांकि, कारोबार के अंत में सेंसेक्स 426 अंकों की गिरावट के साथ 79,924 के स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 108 अंकों की गिरावट के साथ 24,324 के स्तर पर बंद हुआ था।

# टूअल्ट बायोएनर्जी को 1 जी बायोएथेनॉल के लिए 390 करोड़ रुपये से ज्यादा का मिला ऑर्डर



**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी बायोफ्यूल और बायोएनर्जी कंपनियों में से एक टूअल्ट बायोएनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) से 390 करोड़ रुपये से ज्यादा का महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। इन कंपनियों में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरीज एंड पोर्ट्स लिमिटेड शामिल हैं। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि टूअल्ट बायोएनर्जी को इन प्रमुख तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) से 390 करोड़ से ज्यादा का ऑर्डर मिला है। कंपनी को इस ऑर्डर में अगस्त से लेकर अक्टूबर 2024 तक तीन महीने की अवधि में करीब 6 करोड़ लीटर 1जी बायोएथेनॉल की आपूर्ति शामिल है। कंपनी ने अभी तक कुल आवंटित मात्रा का लगभग 10 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है।

टूअल्ट बायोएनर्जी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) विजय निरानी ने कहा कि हमारी यात्रा राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति और भारत के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के साथ शुरू हुई, जिसका उद्देश्य जैव ईंधन, अधिक पारिस्थितिक और किफायती विकल्प की ओर रुख करके जीवाश्म ईंधन और कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की देश की जरूरत को पूरा करना था। उन्होंने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने जैव ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति है।

क्या है 1जी बायोएथेनॉल 1जी बायोएथेनॉल, सेल्यूलोज से भरपूर पौधों से बना एक अल्कोहल है। इसको पारंपरिक इथेनॉल संयंत्रों में बनाया जाता है। इन संयंत्रों में मकई, चावल, गेहूं, सोरघम, चुकंदर, गन्ना, या गुड़ जैसे फीडस्टॉक का इस्तेमाल किया जाता है। इन फीडस्टॉक में मौजूद स्टार्च या शर्करा के किण्वन से बायोएथेनॉल बनता है। 1जी बायोएथेनॉल बनाने की प्रक्रिया में निष्कर्षण, सांद्रता, किण्वन, आसवन और निर्जलीकरण इकाइयां शामिल होती हैं।

उल्लेखनीय है कि टूअल्ट बायोएनर्जी भारत की अग्रणी जैव ईंधन और जैव ऊर्जा कंपनियों में से एक है, जो 1ऋ बायोएथेनॉल और संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। स्थिरता और नवाचार पर मजबूत ध्यान देने के साथ टूअल्ट बायोएनर्जी का लक्ष्य देश के ऊर्जा परिवर्तन को हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाना है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य एक डॉलर उछलकर 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.67 डॉलर यानी 0.79 फीसदी की उछाल के साथ 85.75 यूएस डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.62 डॉलर यानी 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 82.72 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# जिला कलक्टर ने नदबई में की ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई

## समस्या निराकरण के लिए आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडें: जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान




**नदबई (राजवीर सिंह)** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में नदबई पंचायत समिति में भाग लेकर आमजन की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही सम्बंधित विभागों के माध्यम से समाधान कराकर विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाया। जनसुनवाई में 20 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से 6 परिवादों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में आये प्रकरणों को गम्भीरता से लें, आमजन को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने अथवा समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अधिकारी बदलते हुए क्रम में भाग लेकर आमजन से समस्याओं की जानकारी लेकर मौके पर निराकरण करायें। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रकरणों को व्यक्तिशः सुनकर सम्बंधित विभागों से मौके पर ही जानकारी ली तथा पात्रता के आधार पर परिवादियों को लाभान्वित कराया। जनसुनवाई में किसान सोमवती को किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान में आ रही समस्या का मौके पर निराकरण कराया। कस्बे में नवीन बनायी गई सडकों के किनारे पौधारोपण की मांग पर उन्होंने नगरपालिका को पौधारोपण करवाने, राजेश कुमार के परिवाद पर मनरेगा के तहत पशुबाडा निर्माण की स्वीकृत करने, पहरसर निवासी महिला के जनआधार कार्ड बनवाने के प्रकरण में डीओआईटी को प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम हंतरा में आम रास्ते पर हो रही कीचड को हटवाने के लिए ग्राम पंचायत को तीन दिवस में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कस्बे में भूमाफियाओं द्वारा राजकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमणों को हटाकर पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, एसडीएम नदबई गंगाधर मीना, तहसीलदार नदबई कैलाश गौतम सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

» जिला कलक्टर ने नदबई उपखण्ड मुख्यालय पर बैलारा रोड पर निर्माणाधीन राजकीय भवनों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने देवनारायण छात्रावास के निर्माण कार्य को मौके पर देखा तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेकर निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।

### ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

» जनसुनवाई में ग्राम पंचायत करीली में हरीचरण सिंह द्वारा महात्मा गांधी नरेगा के तहत गैर मुमकिन रास्ता निर्माण की प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति के बाद भी ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लम्बे समय से शुरू नहीं कराने की शिकायत दी। जिला कलक्टर ने प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर ही पत्रावली मंगवाकर जांच करायी जिसमें ग्राम विकास अधिकारी शोभाराम की लापरवाही पायी जाने पर निलम्बित करने तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक की भूमिका की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### तलछेरा स्कूल में वृक्षारोपण किया



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय, तलछेरा नदबई में 11 जुलाई को प्रधानाचार्य भरत मीना व उप प्रधानाचार्य लखनलाल मदेरणा की देखरेख में छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें विभिन्न पौधे जैसे अर्जुन, करंज, कदम्ब, बरगद, शीशम, रातरानी, बोगन बेल, चांदनी, चंपा, नीम, पीपल और हेज के 600 पौधे लगाए गये प्रमुख सहयोग कर्ता वीर बहादुर अध्यापक व कुलदीप सिंह अध्यापक रहे, वीरेन्द्र सिंह व्याख्याता, कृष्ण चन्द व. शारीरिक शिक्षक, प्रदीप सिंह अध्यापक, रूपेश कुमार अध्यापक, पुष्पेन्द्र सिंह अध्यापक, वीरेन्द्र सिंह अध्यापक, केशव देव अध्यापक, हेमन्त कुमार व.अ., राजेन्द्र सिंह व. अ. सुशील कुमार विद्यालय सहायक, अतर सिंह पंचायत सहायक, यस कुमार स. शिक्षक, नरेन्द्र सिंह वरिष्ठ सहायक,सुगर सिंह मीना अ. मनीष कुमार मीना अ. चीनू जैन व्याख्याता, सावित्री व.अ., पुष्पा कुमारी अ. व अंनु कुमारी अ. आदि ने सहयोग किया।

### महू जीएसएस ग्रिड पर जेईएन ने किया वृक्षारोपण

**चमकता राजस्थान। हिंडौन सिटी (राजवीर सिंह)** महू इब्राहीमपुर जीएसएस ग्रिड पर जेईएन सुदीप कुमार के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई,टेक्नीशियन गजेंद्र बेनीवाल,टेक्नीशियन अजीत सिंह,टेक्नीशियन उत्तम सिंह,टेक्नीशियन बहादुर सिंह,टेक्नीशियन मधुराज, हरिओम जांगिड़, इंद्रेश, अंसार आदि मौजूद रहे।जेईएन सुदीप ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए।

### राजकीय बालिका सीनियर स्कूल में किया पौधा रोपण



**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी / बड़ागांव ( सुमेर सिंह राव )**। हरियालो राजस्थान मिशन के अंतर्गत कस्बे की राजकीय बालिका सीनियर स्कूल में वृक्षारोपण प्रधानाचार्या अनुराधा की अध्यक्षता में किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी थे जिनके जन्मदिन पर उपस्थित नागरिकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी. विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राधेश्याम तानेनिया व रामनिवास सिंह थे. शुभम चौहान सुरेश पारीक राम जी कटारिया जाफर मनियार महेश मावर सहित स्टाफ के समस्त सदस्य मौजूद थे. सभी ने अपने निजी आवास पर पांच पेड़ लगाने की शपथ ग्रहण की '

### फल एवं छायादार पौधे लगाये



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान एवम् राज आँगन फाउंडेशन द्वारा ''सूखी धरती करे पुकार पेड़ लगाओ एक हज़ार'' अभियान के अंतर्गत शिवाजी नगर स्थित धाभाई गौशाला में नीम,जामुन,आम,पीपल व गुलमोहर के 21 पौधे लगाये।संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवी अमरसिंह धाभाई,नटवरलाल भाटिया,नवीन बाँठिया आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विपक्ष के नेता तक को बोलने से रोक रहे है पीसीसी चीफ, इससे साफ होती है कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता: जितेंद्र गोठवाल

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 11 जुलाई 2024।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को कांग्रेसी नेता इसलिये घेरना चाहते है क्योंकि वे दलित है। विधानसभा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ लगातार कांग्रेसी नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। इस तरह की बयानबाजी कांग्रेसी नेताओं की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। विपक्ष एक दलित शिक्षा मंत्री को सहन नहीं कर पा रहा है। ऐसे में वह दलित नेता के खिलाफ सदन में हंगामा कर रहा है। इससे साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता दलित विरोधी है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भजन लाल सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पिछले 6 माह के कार्यकाल के दौरान बेहतर कार्य किया है और अपने विभाग का कुशल संचालन कर रहे है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री के कार्य कांग्रेसी नेताओं को हजम नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी तो हैं ही, सदन में दलित शिक्षा मंत्री के वक्तव्य के बीच में हंगामा करना उनकी दलित विरोधी सोच को साबित भी करता है। कांग्रेसी नेताओं की दलित विरोधी सोच का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष को भी बोलने नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता जब-जब सदन में बोलने के लिए तैयार हुये तब-तब पीसीसी चीफ उनकी बात को काटते हुये मोर्चा संभाल लेते है। क्योंकि वे विपक्ष के नेता को आगे बढ़ने से रोकना चाहते है। पीसीसी चीफ के मन में हमेशा एक डर बना रहता है कि कहीं विपक्ष के नेता बड़े नेता के रूप में ना उभर जाये, ऐसे में यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी सदैव दलित विरोधी है और कांग्रेसी नेता दलितों के खिलाफ है।

## हाथरस जेसी घटनाओं को रोकने के लिए कट्स ने दिया ज्ञापन

चमकता राजस्थान

जयपुर संवाददाता खलील कुरेशी आज दिनांक :- 11 जुलाई 24 को जयपुर स्थित उपभोक्ता पैरवी समूह कट्स इंटरनेशनल ने हाथरस में हाल ही में हुई दुखद भगदड़ की घटना को लेकर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिया है! ज्ञापन में बताया गया की सरकार भगदड़ को रोकने के लिए भीड़ को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने के उपाय करती है, लेकिन नियमों के अनुचित कार्यान्वयन और निगरानी की कमी के कारण ऐसी भगदड़ की घटनाओं का जोखिम अभी भी बना हुआ है। हाथरस की घटना ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को उजागर किया है, जिन पर तत्काल ध्यान देने और सुधार की आवश्यकता है। बड़े समारोहों के दौरान जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित सुझाव अपनाने होंगेः सरकार को राज्य में भीड़ प्रबंधन और कार्यक्रम सुरक्षा की देखरेख के लिए जिम्मेदार समर्पित नियामक प्राधिकरण स्थापित करना चाहिए। साथ ही, बड़ी सभाओं का तत्काल ऑडिट करना आवश्यक है भीड़भाड़ से जुड़े जोखिमों और बड़े समारोहों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। इस उद्देश्य के लिए सूचनात्मक पर्चे, घोषणाएँ और सोशल मीडिया का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। आयोजन स्थलों की अधिकतम क्षमता के बारे में सख्त नियम लागू हों और अनुमति देते समय सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहिए।नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य निरीक्षण किए जाने चाहिए। आयोजनों की योजना बनाने और प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए। स्थानीय स्वयंसेवक सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उपस्थित लोगों की संख्या की निगरानी और नियंत्रण के लिए मोबाइल ऐप और डिजिटल टिकट जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। इससे भीड़ को नियंत्रित रखने और प्रवेश और निकास की प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अनुमति देते समय जिम्मेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। कार्यक्रम आयोजकों, सुरक्षा कर्मियों और स्वयंसेवकों के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र और मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हर कोई आपात स्थिति को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। कट्स के वरिष्ठ कार्यकर्म अधिकारी अमर दीप सिंह ने बताया कि उक्त ज्ञापन निदेशक स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार एवं अन्य स्थानिय निकायो को भेजा गया है।

## मोहर्रम के त्यौहार को लेकर सीएलजी मेंबरों की पुलिस कोतवाली बाड़ी में हुई बैठक



चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण ) आज दिनांकः-11 जुलाई 24 को मोहर्रम के त्यौहार को लेकर सीएलजी मेंबरों की पुलिस कोतवाली बाड़ी में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में व शिवलहरी मीणा थाना अधिकारी बाड़ी की देखरेख में बैठक का आयोजन किया गया! आज की बैठक में सीएलजी मेंबर व सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया! कार्यक्रम के बारे में हमीद खान मुस्लिम समाज अध्यक्ष ने बताया कि दिनांकः-17 जुलाई 24 को आलम का जुलूस निकाला जाएगा , 16 जुलाई 24 को ताजिया बैठेंगे, 17 जुलाई 24 को दोपहर समय 2:00 से शाम के 7:00 तक ताजिया निकाले जाएंगे , फिर उनको कर्बला में दफनाया जाएगा! इसी बीच उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने कहा कि जितने आपके ताजियों के डोले हैं! उनकी ऊंचाई 7-8 फुट ही रखें, जिससे कोई हादसा ना हो सके, मुन्ना खान ने बताया कि हमारे ताजिया इंन मोहल्ले से निकाले जाते हैं! किला गेट, बटवाल पड़ा, हतियापौर नाईयान, संत्रास पड़ा, चमन पाडा, गुमट, गैरत खेल, अजीजपुर, कसाई पाड़ा, शिश घराना, आदि महोलों से ताजिया निकाले जाते हैं! इस मीटिंग के दौरान बाजार में 10 के सिक्के को दुकानदार एवं ग्राहकों के द्वारा नहीं लेने का मुद्दा रखा गया, प्रशासन ने सूचना पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया! ईस कार्यक्रम के मौके पर गोपाल दास गुदरिया, मुन्ना खान, लाला ट्रेलर, रिजवान खान, सुरेंद्र सिंह परमार, जवान सिंह मीणा, धर्मेंद्र बिधौलिया, प्रमोद मुद्गल वरिष्ठ पत्रकार, राजू शर्मा, रामदास तरुण वरिष्ठ पत्रकार , शिवम भारद्वाज, रोहित वर्मा, हमीद खान मुस्लिम सामान अध्यक्ष, विष्णु महेरे, अनिल गोयल, रोशनी शिवहरे, आरती शिवहरे, रशीद खान अध्यापक, आदि लोग मौजूद रहे! इस कार्यक्रम के बीच राधेश्याम मीणा उपखंडा अधिकारी ने कहा कि सभी त्योहारों को हिल मिलकर मानना चाहिए, जिससे भाईचारा एव सौहाद्र की भावना बनी रहती है!

### राजस्थान डेल्फिक काउंसिल का स्थापना दिवस

## 'अमृत वृक्षारोपण कार्यक्रम' के अन्तर्गत स्थानीय विद्यालय मसूरा के नवीन/ पुराने परिसर 100 पौधे रोपे गए

चमकता राजस्थान



धौलपुर रामदास तरुण । 11 जुलाई 24 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूरा बाड़ी जिला धौलपुर के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के साथ में स्टाफ के सहयोग से नवीन परिसर एवं पुरानी परिसर में 100 पौधा रोपे गये, प्रभारी रघुवीर सिंह की उपास्थिति में कार्यकम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रमो देवी (सरपंच ग्राम पंचायत मत्सूरा) एवं विशिष्ट अतिथि कपतान सिंह (पूर्व सरपंचग्राम पंचायत मसूरा ) उपास्थित रहे विधालय स्टाफ के सदस्य एवं बालक) बालिका उपस्थित रहे। विधालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिह, उपप्राचार्य कुमर पाल 5, एवं शिवासिंह, रामनिवास , @.अनवर खाँ ( व्याख्याता ) गीता , सीमा विश्नोई, आदि उपस्थित रहे। दिन्द्रा प्रजापति वीरेन्द्र कुमार विनोद कुमार, राम करन एवं प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मत्सूरा (बाडी) धौलपुर का स्टाफ मौजूद रहा!धौलपुर के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा एवं साथ में स्टाफ के सहयोग से नवीन परिसर एवं पुरानी परिसर में 100 पौधा रोपण प्रभारी रघुवीर सिंह की उपास्थिति में कार्यकम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रमो देवी (सरपंच ग्राम पंचायत मत्सूरा) एवं विशिष्ट अतिथि कपतान सिंह (पूर्व सरपंचग्राम पंचायत मसूरा ) उपास्थित रहे विधालय स्टाफ के सदस्य एवं बालक) बालिका उपस्थित रहे। विधालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिह, उपप्राचार्य कुमर पाल , एवं शिवासिंह, रामनिवास , अनवर खाँ ( व्याख्याता ) गीता , सीमा विश्नोई, आदि उपस्थित रहे। दिन्द्रा प्रजापति वीरेन्द्र कुमार विनोद कुमार, राम करन एवं प्राचार्य ५राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मत्सूरा (बाडी) धौलपुर का स्टाफ मौजूद रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929